वर्ष -09, अंक -297, पृष्ठ- 8 मूल्य : दो रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

आधुनिक समाचार

प्रयागराज , शनिवार, 10फरवरी, 2024

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Download From Adhunik Samachar

आशीर्वाद महंत नृत्य गोपाल दास (जन्म - ११ जून १९३८) अयोध्या के सबसे बड़े मंदिर, मणि राम दास की छावनी के प्रमुख और राम जन्मभूमि न्यास और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के प्रमुख हैं, जो अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए गठित संस्थान हैं। वे श्री कृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के भी प्रमुख है।

(वरिष्ठ आई पी एस)महानिदेशक अगिशमन एवं आपातकालीन सेवा

पुलिस अधीक्षक बाँदा

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाँदा



उपजिलाधिकारी बाँदा

जिला सूचना अधिकारी बाँदा

सम्मानित हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अशोक सिंह जी



सम्मानित पाठक गण



बाट-माप अधिकारी

सम्मानित पाठक गण

गौहनिया चौकी प्रभारी थाना घूरपुर

करमा चौकी प्रभारी थाना घूरपुर

सम्मानित पाठक गण

अमावस्या का मेला चप्पे-चप्पे पर पुलिस मुस्तैद,सीसीटीवी कैमरे/ ड्रोन से हो रही निगरानी

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज।आज दिनांक 08.02.2024 को माघ मास के महा सनन पर्व मौनी अमावस्या के एक दिन पूर्व से ही संगम तट पर सननाथिर्यों/श्रद्धालुओं का सनन और दान करने के लिए रेला उमड़ पड़ा है। तीर्थराज प्रयागराज की पावन धरती पर माघ मेला के तीसरे और सबसे प्रमुख सनन पर्व मौनी अमावस्या पर लाखों श्रद्धालु पावन संगम त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने के लिए तीर्थराज प्रयाग की नगरी संगम में लगातार आ रहे हैं ईस महापर्व पर आस्था का जनसैलाब उमड पड़ा हैं जिधर भी नजर जा रही है श्रद्धालु/सननार्थी ही दिख रहे हैं। मेला क्षेत्र में दिन ढलने के साथ-साथ श्रद्धालुओ/सननाथिर्यों की भीड़ निरंतर बढ़ती जा रही है श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन व सुरक्षित सनन हेतु सभी प्रवेश द्वारों/चौराहों/पार्किग स्थलों/सनन घाटों पर व्यापक पुलिस प्रबन्ध किए गए,जिसके तहत सम्पूर्ण मेला क्षेत्र मे नागरिक पुलिस,यातायात पुलिस,महिला पुलिस,अगिन्शमक दल,पीएसी के जवान, घुड़सवार पुलिस, आरएएफ, एटीएस के कमाण्डो व बम निरोधक दस्ता की टीमें व्यवस्थापित की गई हैं संगम घाट पर जल पुलिस के साथ-साथ मोटर-बोट नियुक्त कर सननाथिर्यों/श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु कड़े प्रबन्ध किये गये हैं एवं गोताखोर/डीप डाइवर के भी समुचित प्रबन्ध किये गये हैं। स्टीमर के माध्यम से लगातार संगम घाटों की निगरानी की जा रही है। सुरक्षा के दृष्टिगत घाटों/जल में लगे एसडीआरएफ/फ्लड कम्पनी के जवानों द्वारा सतर्कता बरती जा रही है। मेला क्षेत्र में आने-जाने वाले सभी श्रद्धालुओं/सननाथिर्यों से 'पब्लिक एड्रेस सिस्टम' के माध्यम से लगातार अनुरोध किया जा रहा है कि सावधानी पूर्वक सनन करें, किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु को हाथ न लगायें। सुरक्षित सनन कर अपने गंतव्य को सकुशल वापस जाये। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन के माध्यम से चप्पे-चप्पे पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है मेला क्षेत्र में आने-जाने वाले सननाथिर्यों/श्रद्धालुओं को आवागमन में कोई असुविधा न हो इसके लिए मेला क्षेत्र में पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है। सभी श्रद्धालुओं/सननाथिर्यों से अनुरोध है कि मेला क्षेत्र में आने के लिए निर्धारित मार्गी का ही उपयोग करें 1.परेड क्षेत्र से मेला क्षेत्र की ओर आने वाले श्रद्धालुओं/सननाथिर्यों से अनुरोध हैं राम घाट,संगम घाट पर ही सनन करें 2. झूसी की ओर से मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं/सननाथिर्यों से अनुरोध है कि झूसी की तरफ बने सनन घाटों पर सनन करें3. शहर वासियों से अनुरोध है की नई सुविधा नया मार्ग का प्रयोग करते हुए हाशिमपुर फ्लाईओवर के माध्यम से बक्शी बाँध होकर नागवासुकी इंटरलॉकिंग के रास्ते निर्धारित सनन घाटों पर पहुँचकर कुशलता पूर्वक सनन करें4.मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालु /स्थानार्थी परेड से झूसी की ओर प्रवेश करने के लिए पाण्टून पुल 01,03,05 का प्रयोग करें और झूसी से परेड की तरफ आने के लिए 02,04,06 पाण्टून पुल का प्रयोग करते हुए संबंधित क्षेत्र में प्रवेश करें इस महापर्व मौनी अमास्या के अवसर पर लगातार मेला क्षेत्र मेला प्रभारी डॉ0 राजीव नारायण मिश्र घ्झ्ए द्वारा समस्त पुलिस कमिर्यों की कुशलता लेते हुए ड्यूटी पर उनके साथ मुस्तैद होकर उनका उत्साहवर्धन किया जा रहा हैं एवं कमाण्ड सेंटर के माध्यम से मेला क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों से भी लगातार मेले का हाल लिया जा रहा हैं एवं सर्व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं।

प्रयागराज,महिला सिपाही की बहन ने की आत्महत्या, कमरे में दुपट्टे से लटका मिला शव, हड़कंप

(आधुनिक समाचार सेवा)

नैनी, प्रयागराज। मेजा थाने में तैनात महिला सिपाही की बहन का शव कमरे में दुपट्टे के सहारे लटकता मिला। इससे हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ब्लॉक मुख्यालय मेजा के कर्मचारी कालोनी में रहने वाली महिला सिपाही कादंबरी चौहान की छोटी बहन किरन (20) भी साथ रहती थी।बुधवार शाम को महिला सिपाही थाने पर ड्यूटी पर थी। उसी दौरान उसकी बहन किरन ने पंखे में दुपट्टा का सहारा लेकर फंदा बनाया और उससे झूल गई। इससे उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना थाने पर पहुंची तो थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय के साथ महिला सिपाही भी मौके पर पहुंच गई। यह देख महिला सिपाही फूट फूटकर रोने लगी। उसने क्यों आत्महत्या की, यह पता नहीं चल सका है। वह चार दिन पहले यहां आई थी। आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पा रही है।

थाना फाफामऊ पुलिस द्वारा 01 बलात्कार का नफर वांछित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार।

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज।फाफामऊ पुलिस आयुक्त प्रयागराज रमित शर्मा के निर्देशन में अपराध एवम अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस उपायुक्त गंगानगर अभिशे भारती के निर्देश के अंतर्गत थानाध्यक्ष फाफामऊ शांतनु चरुर्वेदी के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम उपनिरीक्षक विनय कुमार यादव एवम हेड का0 अखिलेश कुमार थाना फाफामऊ द्वारा 01 नफर ब्लातकार का वांछित अभियुक्त सागर सिंह पटेल उर्फ राजा पटेल पुत्र राजबहादुर निवासी मातादीन का पुरा थाना फाफामऊ जनपद प्रयागरा को गिरफ्तार कर आवश्यक वधिक कार्यवाही की गई।

फार्म वाले जिम्मेदारों के आंख में धूल झोंक कर टैक्स का कर रहे हैं बड़े पैमाने पर चोरी

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज।शंकरगढ़ सरकार की ओर से गांव-गांव कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इस धनराशि से टीडीएस और जीएसटी जमा करने में खेल किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि गांवों में हो रहे निर्माण कार्यों से नाम मात्र का टैक्स जमा कर हेरा फेरी से लाखों का टैक्स से चोरी किया जा रहा है। वाणिज्य कर विभाग द्वारा इसकी समय-समय पर जांच न करने से ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत व अन्य योजनाओं से आने वाली धनराशि से बड़े पैमाने पर निधि जिला पंचायत क्षेत्र पंचायत ग्राम पंचायत आदि विभाग से हुए कार्यों में मटेरियल आपूर्तिकर्ता फर्म के बिलों से भुगतान के दौरान संस्थाओं को दो प्रतिशत टीडीएस कटौती कर संबंधित विभाग को बिल काटकर आयकर विभाग को अदा करना होता है। आगे सूत्रों की माने तो संबंधित विभाग काट तो लेता है लेकिन जमा नहीं करता है। वहीं आपूर्तिकर्ता को मटेरियल खरीद कर जीएसटी के रूप में 12 से 18 प्रतिशत टैक्स जमा करना होता है। फर्म को आईटीआर भरने पर उसके बिल से काटा गया दो प्रतिशत टीडीएस फर्म को वापस करने का रुपए के इंटरलॉकिंग, ईंट सरिया सीमेंट मोरंग आदि मटेरियल खरीद भुगतानों से दो प्रतिशत की टीडीएस कटौती नहीं करती। कार्यदाई संस्था इंटरलॉकिंग ईंट, बालू ,सीमेंट, भट्ठा ईट मामूली या बिना मटेरियल खरीदे ही फॉर्म को लाखों रुपए का चेक दे देती है। फर्म चेक को अपने अकाउंट में लगाकर नगदी भुगतान कराने के बाद पांच प्रतिशत काटकर बाकी रुपए कार्य दही संस्था को नकद या किसी नजदीकी के खाते में भुगतान कर देती है। जिसका फर्जी बिल काटकर कार्यदाई संस्था को दे देती है। इन्हीं फर्जी बिलों के जरिए कार्यदाई संस्था

टैक्स की चोरी हो रही है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयकर विभाग जिले के सरकारी कार्यालयों के विभागाध्यक्षों और उनके अकाउंटेंट के साथ टीडीएस कटौती और जीएसटी जमा करने के लिए प्रत्येक वर्ष कार्यशाला का आयोजन किया जाता है। टैक्स को किस रूप में जमा करना है इसकी भी विधिवत जानकारी दी जाती है। नियमानुसार बिजली विभाग, पी डब्ल्यू डी, लघु सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर पंचायत, सांसद निधि, विधायक भी प्रावधान है। लेकिन बाद में बिल भुगतान में कटौती की गई टीडीएस और मटेरियल आपूर्तिकर्ता की जमा की गई जीएसटी के मिलान का भौतिक सत्यापन नहीं किया जा रहा है जो जांच का विषय है।फर्मे टिन डिडक्शन नंबर लेने के बावजूद मामूली जीएसटी जमा कर टैक्स चोरी कर रही हैं। कार्यदाई संस्थाएं टैक्स चोरी के साथ कुछ इस तरह से गोलमाल करती है। सूत्र बताते हैं कि शंकरगढ़ क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों में सेल्स टैक्स के भौतिक सत्यापन न करने से करोड़ों बिल लगाकर खाते में भुगतान करा लेती है। सरकारी योजनाओं के तहत करोड़ों के काम कराये जा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इसमें टीडीएस और जीएसटी का टैक्स जमा होना चाहिए पिछले कुछ सालों से इसका ऑडिट भी नहीं हुआ है। जिसमें जमकर खेल किया जा रहा है जो जांच का विषय है। सूत्र बताते हैं कि शंकरगढ़ क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों में लाखों की टैक्स चोरी हो रही है फिर भी संबंधित विभाग जानकार कैसे अनजान बना हुआ है यह जांच का विषय है।

आधुनिक समाचार माघमेला प्रभारी दीलीप जायसवाल ने जनसत्ता दल के राष्टीय अध्यक्ष श्री कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भईया को आधुनिक समाचार के कैलेंडर देकर मौनी आमावस्या की बधाई दी एवं आधुनिक समाचार की कार्यप्रणाली सं अवगत कराया।

जनपद के होमगार्ड का आपदा मित्र विषयक प्रशिक्षण

(आधुनिक समाचार सेवा)

मीरजापुर।म्मीरजापुर 08 फरवरी 2024- जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशन में एवं अपर जिलाधिकारी (विद/राद)-प्रभारी अधिकारी (आपदा प्रबंधन) शिव प्रताप शुक्ल एवं जिला होमगार्ड कमांडेंट बीके सिंह के मार्गदर्शन में जनपद से 100 होमगार्ड को 12 दिवसीय आवासीय आपदा मित्र विषयक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए होमगार्ड की बस को हरी झंडी दिखाकर लखनऊ के लिए रवाना किया गया त् इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य यह है कि प्रशिक्षित होमगार्ड के द्वारा विभिनन आपदाओं के दौरान कुशल आपदा प्रतिक्रिया को सुनिश्चित किया जा सके एवं आपदा पूर्व तैयारी पर आम जनमानस के मध्य समुदाय स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके त् इस 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण को मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये आदेशों के क्रम में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मीरजापुर एवं राज्य आपदा मोचन बल (एसदडी आरदएफद) द्वारा कराया जाएगा त् प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु होंगे-बाढ़ के दौरान किस प्रकार लोगों का बचाव किया जा सके, भूकंप के दौरान किस प्रकार लोगों का बचाव किया जा सके, एवं बीमा पॉलिसी निर्गत कि जायेगी त् प्रशिक्षण के समस्त संबंधित होमगार्ड का आज मेडिकल फिटनेस टेस्ट करने के उपरांत मेडिकली फिट होमगार्ड्स को प्रशिक्षण के लिए

गैस लीक इत्यादि त्रासदी के दौरान किस प्रकार लोगों का बचाव किया जा सके एवं किसी भी प्रकार की इमरजेंसी में स्थलीय आपदा प्रबंधन विषयक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा त् उपरोक्त 100 होमगार्ड में 80 पुरुष एवं 20 महिलाएं हैं त् प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले समस्त प्रशिक्षार्थी होम गार्ड को इमरजेंसी रिस्पांडर किट रवाना किया गया त्प्रशिक्षणाथिर्यों की बस को मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, जिला होमगार्ड कमांडेंट श्री बी के सिंह, मंडली होमगार्ड कमांडेंट सुधाकराचार्य मिश्र, जिला आपदा विशेषज्ञ अंकुर गुप्ता एवं अन्य स्टाफ कमिर्यों के द्वारा हरी झंडी दिखा कर लखनऊ में होने वाले प्रशिक्षण के लिये रवाना किया गया

क्राइम ब्रांच की साइबर सेल टीम द्वारा साइबर जागरुकता अभियान चलाकर स्कूली बच्चों को किया गया जागरुकङ

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज।श्रीमान पुलिस आयुक्त व श्रीमान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कमिशन्रेट प्रयागराज के निर्देशन में व पुलिस उपायुक्त नगर तथा अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) के बच्चों को साइबर सेल क्राइम ब्रांच प्रयागराज की टीम द्वारा साइबर अपराध के प्रति जागरुक किया तथा रोकथाम हेतु आवश्यक सुझाव दिये गये। जागरुक करते हुए यह भी बताया गया कि किसी भी व्यक्ति

पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे साइबर जागरुकता अभियान व मिशन शक्ति 4.0 विशेष अभियान के क्रम में क्राइम ब्रांच की साइबर सेल टीम द्वारा आज दिनांक 08.02.2024 को सिद्ध नरायन राम हर्ष डिग्री कालेज थाना होलागढ़ कमिशन्रेट प्रयागराज में आयोजित पुलिस पाठशाला में साइबर क्राइम जागरुकता अभियान व मिशन शक्ति 4.0 विशेष अभियान के अन्तर्गत प्रतिभाग किये लगभग 150 के साथ साइबर फ्राड होने की दशा में तत्काल 1930 पर काल एंव .म्बैंम्स ुदन.ग्ह शिकायत दर्ज करने हेतु बताया गया।साइबर जागरुकता अभियान में प्रतिभाग करने वाली टीम-1. उ0नि0 विनोद कुमार, साइबर सेल प्रभारी, कमिशन्रेट प्रयागराज। 2. हे0का0 जय प्रकाश सिंह, साइबर सेल कमिशन्रेट प्रयागराज।3. का0 अनमोल कुमार, साइबर सेल कमिशन्रेट प्रयागराज।

थाना करैली पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 गुमशुदा/अपहृता सकुशल बरामद

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज।थाना करैली पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 20/2024 धारा 363/366 भा0द0सं0 में वांछित अभियुक्त मो0 इरशाद शेख पुत्र मो0 मुद्दीन शेख निवासी झुग्गी झोपड़ी मुस्तफा अभियुक्त का विवरण-मो0 इरशाद शेख पुत्र मो0 मुद्दीन शेख उम्र 21 वर्ष निवासी झुग्गी झोपड़ी मुस्तफा गार्डन के पीछे करामत की चौकी थाना करेली प्रयागराज, स्थाई पता ग्राम फुलवाडिया मोड़ थाना राजमहल जनपद साहिबगंज, झारखंड

गार्डन के पीछे करामत की चौकी थाना करैली प्रयागराज, स्थाई पता ग्राम फुलवाडिया मोड़ थाना राजमहल जनपद साहिबगंज, झारखंड को मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 07.02.2024 को यमुना बैली स्कूल के पास थाना क्षेत्र करैली से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से उक्त अभियोग से सम्बन्धित गुमशुदा/अपहृता को सकुशल बरामद किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार ।सम्बन्धित अभियोग का विवरण मु0अ0सं0 20/2024 धारा 363/366 भा0द0सं0 थाना करैली कमिशन्रेट प्रयागराज।गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-1.उ0नि0 अजय सिंह वर्मा थाना करैली कमिशन्रेट प्रयागराज।2.का0 करन कुमार थाना करैली कमिशन्रेट प्रयागराज।3.म0का0 आरती गौतम थाना करैली कमिशन्रेट प्रयागराज।

जिलाधिकारी ने 50 सैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय का किया निरीक्षण किया

(आधुनिक समाचार सेवा)

मीरजापुर।मीरजापुर 08 फरवरी 2024- जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने लोहंदी खुर्द स्थित 50 सैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कार्य में धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये परियोजना प्रबन्धक को कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया, परियोजना प्रबन्धक द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि कांट्रैक्टर्स के द्वारा कार्य सही से नही किया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी द्वारा आकाश बिल्डर्स एवं डेवलपर्स लखनऊ को कड़ी चेतावनी देते हुये निर्देशित किया कि एक माह के अन्दर शासन से प्राप्त धनराशि का उपभोग करते हुये प्रगति में सुधार लाये अन्यथा ब्लैक लिस्टेड की कार्यवाही की जायेगी। परियोजना प्रबन्धक ने जिलाधिकारी को जानकारी देते हुये बताया कि मुख्य भवन के नीव का कार्य पूर्ण हो गया है भूतल के स्लैब के ढलाई का कार्य पूर्ण एवं प्रथम तल के आधे भाग पर कालम की ढलाई पूर्ण हो गयी है। उन्होने बताया कि प्रथम तल पर आधे भाग पर कालम की ढलाई कार्य प्रगति पर है, बाउंड्रीवाल के फाउंडेशन का कार्य पूर्ण तथा सुपर स्ट्रेक्चर का कार्य पर है। उन्होने बताया कि भवन के प्लिंथ एरिया में मिट्टी भराई का कार्य लगभग पूर्ण करा लिया गया है। निरीक्षण के दौरान परियोजना प्रबन्धक हरिशंक सिंह, वीरेन्द्र कुमार राही सहायक परियोजन प्रबन्धक, अवर अभियन्ता साधना वर्मा, सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग ए0के0 सिंह, अवर अभियन्ता लोक निर्माण विभाग प्रवीण कुमार उपस्थित रहें।

मौनी अमावस्या अरैल घाट सरस्वती संस्थान ने कराया श्रधालुओ को भोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज।अरैल माघ मेला क्षेत्र में सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के शिविर में भव्य कचौड़ी सब्जी का भंडारा दिनांक - 9 फरवरी 2024 को अमावस्या के पावन पर्व पर चलाया गया।जिसमें दूर दराज से आए हुए सननार्थियों एवं यात्रियों को इस आस्था के पर्व पर मां गंगा का प्रसाद वितरित किया गया।कार्यक्रम में सर्वश्री संतोष तिवारी (अध्यक्ष) कुंवर जी तिवारी (प्रबंधक/सचिव), सुशील मिश्रा, धीरज यादव सहदेव चौरसिया,

ऋषि दीक्षित, सुनील कुशवाहा,शुभेंदु घोष, महेश प्रसाद केसरवानी, आत्म प्रकाश यादव, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, संदीप केसरवानी,डां प्रकाश मिश्रा,ए.के.चौबे, ओमप्रकाश श्रीवास्तव,आत्म प्रकाश यादव, विनोद गुरानी,सौरभ यादव,सनी यादव, कार्तिकेय यादव, आर्यन यादव, कार्तिकेय यादव, तुलसी तिवारी उपस्थित रहें।

इटली से माघ मेला में आए 11 पर्यटकों के समूह ने कहा - थैंक यू यूपी पुलिस

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज।इटली के विभिन्न स्थानों से भारत भ्रमण पर आए 11 पर्यटकों के समूह ने माघ मेला के आयोजन के बारे में बहुत कुछ सुना था। आज मौनी अमावस्या सनन पर्व के अवसर पर वह प्रातःकाल में ही माघ मेला क्षेत्र में भ्रमण एवं सनन करने जनपद प्रयागराज आए। सुरक्षित संगम सनन के बाद उनके द्वारा कहा गया कि माघ मेला का पर्व अद्भुत है,ऐसा उन्होंने इससे पहले कभी नहीं देखा था। तीर्थराज प्रयागराज में उन्हें अद्भुत आलौकिक अनुभूति हुई।इतनी बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं के साथ उनके समूह को संगम तट पर सुगम एवं सुरक्षित सनन कराने के लिए किए गए पुलिस प्रबंधन की सराहना की और उनके द्वारा यूपी पुलिस को धन्यवाद कहा गया। (नोट - यह वीडियो उन पर्यटकों द्वारा खुश होकर अपने गाइड से बनवाकर पुलिस को भेजा गया है।)

ट्रक का ढाला खोलते ही ड्राइवर पर भरभरा कर गिरी गिट्टी, दबकर चालक की मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)

आजमगढ़।आजमगढ़ जिले के अहरौला थाना क्षेत्र के खजूरी बाजार में चालक ट्रक पर गिट्टी लादकर गिराने गया था। इसी दौरान जैसे ही उसने ढाला खोला, भरभरा कर गिट्टी उसके ऊपर गिर लल्लू सिंह (32) ट्रक चालक है। वह शुक्रवार की सुबह गिट्टी लदा ट्रक लेकर खजूरी बाजार में पहुंचा। जहां उसे गिट्टी गिराना था। गिट्टी गिराने के लिए जैसे ही उसने ढाला खोला अचानक गिट्टी उसके ही ऊपर भरभरा कर गिर गई। ढेर में दबने

गई। जिसमें दबने से उसकी मौत हो गई। आजमगढ़ जिले के अहरौला थाना के खजूरी बाजार में एक ट्रक चालक गिट्टी गिराने के लिए गया। जैसे ही ट्रक का ढाला खोला, गिट्टी उस पर गिर गई। हादसे में वह गिट्टी के ढेर में दब गया। आसपास के लोग उसे बाहर निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।अहरौला के बरईपुर गांव निवासी देशबंधु उर्फ से वह बुरी तरह घायल हो गया। मौके पर आसपास के लोग जुट गए और गिट्टी हटाकर जब तक उसे बाहर निकाला गया, तब तक देर हो चुकी थी। आनन-फानन लोग उसे लेकर अतरौलिया स्थित प्राइवेट अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

रोजगार मेले में 73 युवाओं को मिला रोजगार

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज।विकासखण्ड , सोराव, प्रयागराज, में लगा रोजगार मेला, 73 युवाओं को मिला रोजगार।प्रयागराज, 08 फरवरी 2024, को उ0प्र0 सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कौशल विकास मिशन के अंतर्गत दीन दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के तत्वाधान में एल डी सी कालेज, सोराव, प्रयागराज में विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख मा0 आलोक पाण्डेय जी के द्वारा किया गया। इस मेले में 08 प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा विभिन्न प्रकार रिक्तियों के सापेक्ष युवाओं का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया है। इस मेले में विकास खण्ड के 220 युवाओं ने प्रतिभाग किया व 73 युवाओं को विभिन्न कंपनी में चयन किया गया । इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबन्धक सुभाष सिंह, सहित विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों प्रतिनिधिगण व कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों के केन्द्र प्रबन्धक के उपस्थित रहे।

11 फरवरी से बंद होगा हाईकोर्ट पानी टंकी रेलवे पुल, पैदल व दो पहिया वाहनों का आवागमन जारी रहेगा

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज।बृहस्पतिवार को डीएम कार्यालय के संगम सभागार में हुई बैठक के दौरान डीएम नवनीत सिंह चहल ने लोक निर्माण विभाग को आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा।हालांकि, इस दौरान पुल पर दो पहिया व पैदल आवागमन जारी रहेगा। इसके लिए पुल के दोनों तरफ बैरिकेडिंग की जाएगी।

आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा।हाईकोर्ट पानी की टंकी के समीप स्थित खुसरो बाग रेलवे पुल की क्षतिग्रस्त होने के कारण जिला प्रशासन ने इसे 11 फरवरी से बंद करने विनर्देश दिया है। बृहस्पतिवार को डीएम कार्यालय के संगम सभागार में हुई बैठक के दौरान डीएम नवनीत सिंह चहल ने लोक निर्माण विभाग को आने वाले दिनों में इसी पुल के बगल स्थित नवनिर्मित रेलवे पुल पर दोनों तरफ का यातायात शुरू किया जाएगा।बैठक में लोक निर्माण विभाग की मुख्य अभियंता प्रतिनिधि कामिनी कौशल, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड पीके राय, अधिशासी अभियंता नवीन कुमार एडीएसपी यातायात शैलेश सिंह, टैंपो टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी मौजूद रहे।

कार की टक्कर से चचेरे भाइयों की मौत, साथी की हालत नाजुक, एक ही बाइक से जा रहे थे तीनों

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज।फूलपुर में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हो गया। एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे छात्रों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दो की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। मृतक दोनों छात्र आपस में चचेरे भाई थे। घटना से परिवार में मातम छा गया है।कार की टक्कर से बाइक सवार दो छात्रों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उनका तीसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। फूलपुर से तीनों एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। दर्दनाक हादसे की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया। सरायममरेज थाना क्षेत्र के नासिर पट्टी गांव के रहने वाले लवकुश (18) पुत्र लालजी, आकाश (20) पुत्र श्याम बहादुर एवं पड़ोस के रहने वाले राज (20) पुत्र फूलचंद पहुंचे थे, कि सामने से आ रही तेज रफ्तार एक ब्रेजा कार ने अपाचे बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार छात्र लवकुश और आकाश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाइक सवार तीसरे छात्र राज की हालत गंभीर बनी हुई है।सूचना पाकर पहुंचे फूलपुर इंस्पेक्टर दीनदयाल सिंह ने घायल राज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर में भर्ती कराया।घटना की जानकारी घर वालों को देने के बाद दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, हादसे की खबर घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में मातम छा गया है।शुक्रवार दोपहर फूलपुर में फूलपुर में घटना का शिकार हुए दोनों छात्र आपस में चचेरे भाई थे। सड़क दुर्घटना में चचेरे भाइयों लवकुश व आकाश बीए एवं आईटीआई के छात्र थे। दोनों अपने पड़ोसी साथी राज के साथ बाइक से चले गए और वहां से घर लौटते समय हादसे का

तीनों बीए एवं आईटीआई की पढ़ाई कर रहे हैं।शुक्रवार को तीनों छात्र एक ही बाइक से बाबूगंज गए हुए थे। वहां से दोपहर करीब 12 बजे वह घर लौट रहे थे। जैसे ही फूलपुर -प्रतापपुर मार्ग पर बौड़ई लंका गांव के सामने शिकार हो गए। मृतक छात्र आकाश एक बहन व तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। मां मीना देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल है। दूसरा मृतक छात्र लवकुश भी तीन भाइयों दूसरे नंबर का था।

मासूम का इलाज कराने हैलट पहुंचा पिता, बोला- डॉक्टरों ने ऑपरेशन के लिए 15 हजार मांगे, जानें मामला

(आधुनिक समाचार सेवा)

कानपुर।पिता ने बताया हैलट अस्पताल में एक्स-रे कराने पर पता चला कि बेटे के बाएं हाथ में फ्रैक्चर है। उसके बाद इमरजेंसी से बेटे को वार्ड नंबर आठ में शिफ्ट कर दिया गया। वहां दो जूनियर डॉक्टर ने बेटे का हाथ देखा और उसके बाद दोबारा एक्सरे कराने बोला और ऑपरेशन के लिए 15 हजार रुपये की मांग की।कानपुर के हैलट अस्पताल में इलाज के नाम पर रुपयों की मांग करने का मामला सामने आया है। दरअसल, यहां एक पिता अपने से कुर्सी से गिरकर घायल हो गया और उसके हाथ में चोट लग गई थी।बताया कि बेटे को पास के अस्पताल में ले गए, तो वहां से हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। हैलट अस्पताल में एक्स-रे कराने पर पता चला कि बेटे के बाएं हाथ में फ्रैक्चर है। उसके बाद इमरजेंसी से बेटे को वार्ड नंबर आठ में शिफ्ट कर दिया गया।आरोप है कि वार्ड में आए दो जूनियर डॉक्टर ने बेटे का हाथ देखा और उसके बाद दोबारा एक्सरे कराने बोला और ऑपरेशन के लिए 15 हजार रुपये की मांग की। जब वह एक्सरे कराने गए, तो मौजूद कर्मचारी ने तीन सौ



मासूम बेटे का इलाज कराने आया था। डॉक्टरों ने ऑपरेशन के नाम पर रुपयों की मांग कर दी। इस पर पिता ने प्रमुख अधीक्षक को मामले की जानकारी दी।कननौज के गुरसहायगंज निवासी सलीम ने बताया कि वह गांव में मजदूरी कर घर का गुजारा करते हैं। चार फरवरी को छह वर्षीय बेटा सुहैल कुर्सी से खेल रहा था। तभी वह खेलते समय अचानक रुपये की मांग की। रुपये पास में नहीं होने पर सलीम प्रमुख अधीक्षक कार्यालय गए।यहां मौजूद गार्ड को डॉक्टर द्वारा ऑपरेशन के नाम पर 15 हजार रुपये मांगे जाने के संबंध में जानकारी दी। गार्ड ने प्रमुख अधीक्षक के कार्यालय में नहीं होने की बात कही। प्रमुख अधीक्षक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि मामले के संबंध में जूनियर डॉक्टर व तीमारदार से पूछताछ की जाएगी। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट पर किया विरोध प्रदर्शन सौपा ज्ञापन

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र ।केरल व अन्य राज्यों के प्रति केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किए जा रहे हैं भेदभाव के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन तत्काल प्रभाव से हस्तक्षेप करने की किया मांग - नन्दलाल आर्य जिला मंत्री सीपीआईएम।भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) माकपा के आवाहन पर देश व्यापी आंदोलन के तौर पर केंद्र केंद्र की मोदी सरकार द्वारा केरल व अन्य विपक्ष शासित राज्य के प्रति अपनाए जा रहे भेदभावपूर्ण व्यवहार के खिलाफ वाम दलों और अन्य लोक तांत्रिक दलों द्वारा कड़ा प्रतिरोध करते हुए कि केंद्र की सरकार जो आरएसएस के इसारे पर चल रही करना बंद करें । केंद्र सरकार पर राज्य सरकारों के उधार लेने की सीमा तय करने पर रोक लगनी चाहिए ।वही इसी तरह केंद्र सरकार राज्य सूची के विषय में हस्तक्षेप करने के लिए केंद्र प्रायोजित योजनाओं का उपयोग करना बंद करें । केंद्र सरकार विपक्ष द्वारा संचालित राज्य सरकारों की नेताओं को निशाना बनाने वह परेशान करने के लिए एडि , सीबीआई व आयकर विभाग का दुरुपयोग करना बन्द करे।राज्य सरकारों के मामले में हस्तक्षेप करने के लिए राज्यपालों को अपनी संवैधानिक स्थिति का दुरुपयोग करना बन्द करना चाहिए। राज्यपालों को कुलपति के पद का दुरुपयोग कर राज्य विश्व

है यह सरकार भारत के अंदर संवैधानिक तरीके से चल रहा केरल की कम्युनिस्ट वाम और अन्य विपक्षी राज्य के लोकतांत्रिक सरकार के साथ हर तरीके से सौतेला व्यवहार करते हुए राज्य का जो संवैधानिक फंड होता है नहीं दे रही है इसके अलावा राजनैतिक विद्वेष के भावना से राज नेताओं के पास कभी एडी तो कभी सीबीआई और आयकर विभाग को भेज कर भयभीत करने के खिलाफ एक जुटता प्रकट करते हुए माकपा और अन्य जनसंगठनो के द्वारा 07 सूत्रीय मांग जिसमें केंद्र सरकार केरल सहित अन्य राज्यों को उनके करो और संसाधनों के तय हिस्से से वंचित विद्यालयों के संचालन में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।राज्यपालों को राज्य विधान सभा द्वारा पारित कानून को दबाकर बैठने की बजाय उन्हें बिना देरी किए मंजूरी देनी चाहिए इत्यादि मांगों के साथ प्रतिनिधि मंडल ने मांगे सौप कर कार्यवाही की मांग किया। इस अवसर पर सीपीआईएम जिला मंत्री नन्दलाल आर्य जिला कमेटी सदस्य प्रेमनाथ हुआ पुरुषोत्तम ब्रांच मंत्री हनुमान प्रसाद सत्येंद्र कुमार जायसवाल राजबली और समाजसेवी माथुर प्रसाद नौजवान सभा का जिला संयोजक बागुंडार भारती के साथ अन्य ग्रामीण जनता मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष गोपेन्द्र पाण्डेय ने गुरु जी से लिया आशीर्वाद

(आधुनिक समाचार सेवा)
रॉबर्टगंज।उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के पदाधिकारियों का चुनाव हुए कहा कि की गुरु जी के आशीर्वाद से नई जिम्मेदारी मिली है जिसका निर्वाहन पूरी निष्ठा से

मंगलवार को तहसील सभागार में हुआ था।जहां गोपेन्द्र पाण्डेय को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोपेन्द्र पाण्डेय ने अपने गुरु ज्योतिषाचार्य देवेश मिश्रा गुरु जी के निज निवास पर मिलकर आशीर्वाद लिया।उन्होंने गुरु जी के प्रति आभार प्रकट करते करेंगे।गुरु जी ने भी गोपेन्द्र को अध्यक्ष बनने की खुशी में मुहँ मीठा कराकर आशीर्वाद दिया।उक्त अवसर पर राबर्ट्सगंज लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष सुबोध सिंह समेत उपस्थित सभी लोगों ने शानदार जीत पर हर्ष जताया।

आपसी भाईचारे को लेकर समुदाय की बैठक में की गई चर्चा

आधुनिक समाचार सेवा)
डाला,सोनभद्र ।चोपन थाना क्षेत्र के जवारीडाड़ में जीडीसीएल कम्पनी में कार्य कर रहे सुरक्षा गार्ड के साथ चोरी करने आए चोरों ने पकड़ा भी परन्तु चारो चोरों ने मिलकर गार्ड को बुरी तरह से मार कर घायल करके चलते बने वही घायल सुरक्षा गार्ड विदेशी ने बताया कि वह यहां लगभग सात वर्षों से

सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी में कार्य कर रहा हैं और पहले चोरी की घटना घट चुकी हैं और उसमे चोरों द्वारा चोरी में गए सामानो का पैसा सुरक्षा गार्ड के पद पर कार्य कर रहे गरीबो से पैसा काट लिया जाता रहा हैं और कार्यवाई कुछ भी नहीं किया गया हैं लेकिन आज की घटना से सुरक्षा गार्ड को मारपीट करके घायल कर दिया इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को देर रात एटीएस विद्यालय के पीछे स्थित जीडीसीएल कम्पनी में चार चोर चोरी करने की नियत से घुसे जिसमें सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी कर रहे गार्ड ने चोरों को पकड़ने की कोशिश की जिसमें एक चोर को गार्ड ने बताया चोरों द्वारा किए गए हमले से जान की खतरा महसूस कियात् वही कम्पनी के इंचार्ज अशोक कुमार उपाध्याय ने कानूनी कार्यवाई करने की बात कहते हुए घायल सुरक्षा गार्ड को लेकर चोपन थाने ले गए इस संदर्भ में चोपन थानाध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि उक्त मामले तहरीर मिली हैं और जाँच प्रक्रिया की जा रही हैं

दस हजार घरों में हाउस कनेक्शन से 15 महीना में मिलेगा पानी

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। गुरुवार को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने एक प्रेस कांफ्रेंस करके बताया कि रावटसगंज नगर पालिका क्षेत्र में हाउस कनेक्शन को लेकर टेंडर कराया गया है वही लगभग 10 हजार 7 घरों का पाइपलाइन बदल जाएगा जल निगम की ओर से यह कार्य किया जाएगा जिसमें नगर प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर नक्शा नजरिया उपलब्ध करा दिया गया है वहीं लगभग 9 करोड़ के लागत से 15 महीना में हाउस कनेक्शन के माध्यम से प्रवासियों तक पानी पहुंचाने का आकार करेगी नगर पालिका जिसके लिए जल निगम एक्शन संजय कुमार को भी अवगत करा दिया गया है उनके द्वारा कर प्रणाली में तेजी ला दी गई है नगर वासियों को पानी की दिक्कतों से मिलेगा अब निजात नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा विशेष तौर पर अभियान चलाया जा रहा है कनेक्शन कराकर लोगों के बीच शुद्ध जल पहुंचने का कार्य नगर पालिका कर रही है जिसको लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों व नगर पालिका अधिकारियों से वार्ता

हर घर नल योजना जिससे हर घर पानी पहुंचे वहीं नगर पालिका रावटसगंज के 10700 घरों तक पाइपलाइन के माध्यम से हाउस करते हुए अग्रिम प्रोजेक्ट में तैयारी की जा रही है इस मौके पर नगर पालिका कर्मचारी व सभासदगढ़ मौजूद रहे

मैहर कलेक्टर से ग्राम पंचायत औचक निरीक्षण की मांग

(आधुनिक समाचार सेवा)
मैहर। जनपद पंचायत के अंतर्गत लगभग 115 ग्राम पंचायत है लेकिन पंचायत सचिव से लेकर रोजगार सहायक तक की मनमानी चरम पर है जिसके चलते ग्राम पंचायतों में तालाबंदी की नौबत आ गई जिस के चलते ग्रामीणजन आए दिन अपने कार्यों के भटकते रहते हैं तो वही मैहर जनपद सीईओ भी पंचायत सचिव की मनमानी एवं ग्राम पंचायत के तले खुलवाने में दिलचस्पी नहीं दिख रहे जिससे पंचायत में लगे ताले खुलने का नाम नहीं ले रहे लेकिन देखना अब यह होगा की मैहर जिला कलेक्टर के द्वारा कब तक पंचायतों का औचक निरीक्षण किया जाएगा यह समय के गर्त में है

चोर ने सुरक्षा गार्ड के ऊपर किया जानलेवा हमला जांच में जूटी पुलिस।

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। सदर कोतवाली परिसर में गुरुवार को आयोजित हुई फीस कमेटी की बैठक जिसमें सभी दलों

के नेता व कई समुदाय के लोगों को बुलाया गया जिसमें एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह के नेतृत्व में आपसी भाईचारे व नगरी समस्याओं को लेकर की गई चर्चा।एडिशनल एसपी कालू सिंह ने बताया कि ज्ञानपापी मेरठ में हुए विवाद वह अन्य प्रदेश की घटनाओं को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश के क्रम में पीस कमेटी की बैठक जिले के विभिनन्‍ थनाओं में आयोजित की गई जिसमें अमन चैन को लेकर सभी दलों से वार्ता करते हुए लोकल स्तर पर संबंधित समस्याओं की भी जानकारी ली गई जिसमें व्यापारी बंधु धर्मगुरु वह राजनीतिक नेताओं को भी सम्मिलित किया गया हर प्रकार के विषयों पर चर्चा करते हुए उनके समाधान को अस्वस्थ किया गया वहीं श्री कालू ने बताया कि किसी भी प्रकार से कोई समस्या अन्य उत्पनन्‍ होती है तो तत्काल थाना पुलिस को अवगत कारण जिस की लाइन ऑर्डर बरकरार रहे किसी भी प्रकार से कोई भी लाइन ऑर्डर उलंघन करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी इस मौके पर सिटी सिओ राहुल पांडेय, कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक शिव प्रताप वर्मा,संजय सिंह, सुजीत कुमार सेठ,राजेश गुप्ता, रमेश जैसवाल मौजूद रहें।

स्टाम्प बिकना तो दूर जारी भी नहीं हुआ था उस तारीख पर खरीदी कर ली भीमसोनी ने आदिवासी का प्लाट।

(आधुनिक समाचार सेवा)
मैहर।नगर परिषद क्षेत्र रामनगर के प्रतिष्ठित सोने चांदी आभूषणो के व्यवसाई भीम सोनी आदिवासी की जमीन फर्जी तरीके से खरीदी के बड़े जाने माने व्यवसाई में से एक है।जिसकी स्टाम्प में लिखा पढ़ी कुछ अर्श पूर्व फर्जी तरीके से उनकी पतनी कंचन सोनी के नाम वर्ष 2023 में होती है। मानसिक रूप से बिछित आदिवासी के द्वारा ली जाती है। जिसमें बीते बर्षों की तारीख चौदह वर्ष पूर्व बर्ष 2009 की डाली जाती है।जब की उस आदिवासी को पन्द्रह बर्ष से रामनगर की धरती में देखा भी नहीं गया है। उनके परिजनों का कहना है। उसके पश्चात मानसिक रूप से बिछित व्यक्ति भीम सोनी के पास आकर(20000) बीस हजार रुपए में अपने हिस्से का प्लाट उन्हें बेचकर चला जाता है। ऐसा स्टाम्प में लेख है। जबकि जिस तारीख पर स्टाम्प



में लेख हुआ है उस तारीख पर स्टाम्प का बाजार में बिकना तो दूर स्टाम्प जारी भी नहीं हुआ था।

पत्नी ने लाठी से वार कर पति को उतारा मौत के घाट, घर से 100 मीटर की दूरी पर खून से लथपथ मिला शव।

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। सोनभद्र जिले के म्योरपुर थाना क्षेत्र के सूपाचुआ गांव में गुरुवार की सुबह लाठी डंडे से वार कर अधेड़ की हत्या कर दी गई। घर से सौ मीटर की दूरी पर उसका लहूलुहान शव पाया गया। उसके सिर पर दो वार के निशान मिले हैं। सुचना पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज मामले की छानबीन में जुट गई है। मामले का खुलासा करते हुए एएसपी कालू सिंह ने बताया पतने ने विवाद के बाद लाठी से वार कर पति की हत्या कर दिया है।पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।जानकारी के अनुसार म्योरपुर थाना क्षेत्र के सूपाचुआ गांव के पोखरा टोला निवासी रामकिशुन उम्र 50 वर्ष पुत्र रामू गोड खेती-किसानी करता था। परिजनों के मुताबिक बुधवार की रात खाना खाने के बाद वह सोने चला गया। सुबह करीब चार बजे उसका शव घर से सौ मीटर दूर देवस्थल के पास लहूलुहान हाल में मिला। सिर पर चोट के निशान मिले है।सूचना पाकर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने घटना की सुचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और छानबीन में जुट गई हैं। वही मृतक की बहू प्रियंका ने बताया की हमारी सास हमे घर से निकाल दिया है हम अपने मायके में रहते हैं आज घटना की जानकारी होने के बाद मौके पर पहुंची है।वही एएसपी कालू सिंह ने बताया कि आज सुबह पुलिस को सूचना मिली की सूपाचुआ गांव के पोखरा टोला निवासी रामकिशुन उम्र 50 वर्ष पुत्र रामू गोड खेती-किसानी करता था। जिसका अपनी पतनी से विवाद हो गया था पतने ने सिर पर लाठी से वार पति को मौत के घाट उतार दिया है। सुबह करीब चार बजे उसका शव घर से सौ मीटर दूर देवस्थल के पास लहूलुहान हाल में मिला। सिर पर चोट के निशान मिले है। पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

बाल अधिकारों पर विकास संवाद मीडिया अवार्ड 2023. प्रविष्टि पत्र

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रत्येक बच्चे का अपना अधिकार है, उनकी अपनी दुनिया है और इस दुनिया को बेहतर बनाने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र बच्चों के अधिकार समझौते में बच्चों के चार प्रमुख अधिकारों की परिभाषा की गई है। ये अधिकार हैं - जीवन को प्रोत्साहित करने के लिए, विकास संवाद ने 2023 के मीडिया पुरस्कार की घोषणा की है। इसके तहत, 2023 में बच्चों के अधिकारों से संबंधित किसी भी महत्वपूर्ण मुद्दे पर कवरेज करने वाले चार पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। 2023 के दौरान बच्चों के मुद्दों पर प्रकाशित

जीने का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार, सहभागी बनने का अधिकार और विकास का अधिकार। भारत इस चार्टर पर हस्ताक्षर करके इन अधिकारों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, पर मंजिल अभी दूर है।मीडिया बच्चों की आवाज का महत्वपूर्ण माध्यम है, जो पूरी शिद्दत से अपनी भूमिका निभा रहा है। बच्चों के अधिकारों पर निरंतर लेखन और रिपोर्टिंग या प्रसारित लेखन और रिपोर्टिंग की प्रस्तुतियां इस पुरस्कार के लिए स्वीकार की जाएंगी।आवेदन के नियम और प्रक्रिय संबंधित खबर/आलेख/ब्लॉग/फोटो 1 जनवरी से 31 दिसम्बर 2023 के मध्य किसी प्रतिष्ठित/स्थापित माध्यम में प्रकाशित/प्रसारित होनी चाहिए।अवार्ड के लिए वंचित वर्ग, क्षेत्रीय स्तर पर काम कर रहे पत्रकार, महिलाओं या दिव्यांग पत्रकारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

आईपीएल 2024 के शुरू होने की उम्मीद है। अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर सीएसके को लेकर एक भविष्यवाणी की है।

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन 17 के लिए उत्साह बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। मार्च 2024 में आईपीएल 2024 के शुरू होने की उम्मीद है।मार्च 2024 में आईपीएल 2024 के शुरू होने की उम्मीद है। अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर सीएसके को लेकर एक भविष्यवाणी की है। पिछले कई सालों में सीएसके ने जिस तरह प्रदर्शन किया है। उन्होंने 12 में से 16 बार प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया है। इस बीच वह 13 बार भी क्वालीफाई कर सकते हैं।इस बीच एमएस धोनी की कप्तानी में चेनन्ई सुपर किंग्स (सीएसके) अपने छठे खिताब का बचाव करने टूर्नामेंट में उतरेगी। आईपीएल 2023 के फाइनल में गुजरात टाइटंस को हराकर सीएसके ने पांचवीं बार ट्रॉफी अपने नाम की थी। 19 दिसंबर को दुबई में हुए मिनी लीग में सभी टीमों ने अपने लिए खिलाड.ियों का चुनाव किया।इस बीच अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर सीएसके को लेकर एक भविष्यवाणी की है। उन्होंने कहा कि सीएसके एक बार फिर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करेगी। पूर्व कप्तान ने कहा कि मुझे लगता है कि निश्चित रूप से टॉप चार में आएगी। आप किसी भी टीम को हां नहीं कह सकते, लेकिन 'निश्चित रूप से पसंदीदा को कह सकते।पिछले कई सालों में सीएसके ने जिस तरह प्रदर्शन किया है। उन्होंने 12 में से 16 बार प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया है। इस बीच वह 13 बार भी क्वालीफाई कर सकते हैं। अगर आप 2024 के ऑक्शन देखें तो उन्होंने अपने कमजोर पहलुओं को मजबूत किया है।पिछले साल गेंदबाजी में उन्हें थोड़ी कमी लगी थी और अंबाती रायुडू के संन्यास लेने से उन्हें मिडिल ऑर्डर को मजबूत करने की जरूरत थी, जो उन्होंने किया है। उनके पास युवा और सीनियर खिलाड.ियों का अच्छा मिश्रण है।बता दें कि 2024 आईपीएल एमएस धोनी के करियर का आखिरी सीजन हो सकता है। धोनी ने आईपीएल 2023 का पूरा सीजन घुटने पर पट्टी बांधकर खेला था, जिसके बाद उन्होंने घुटने की सर्जरी करवाई थी। उन्होंने आईपीएल 2023 में एक और सीजन खेलने की घोषणा की थी। अब देखना होगा कि वह इस सीजन में संन्यास लेंगे या नहीं।

किरोन पोलार्ड की पारी गई बेकार, अंबाती रायुडू रहे फ्लॉप मुंम्बई को मात देकर प्लेऑफ के करीब पहुंचे

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली।गत चैंपियन गल्फ जायंट्स ने गुरुवार को आईएलटी-20 में रोमांचक मुकाबले में एमआई एमिरेट्स को पांच रन से हराकर प्लेऑफ में लगभग अपनी जगह पक्की को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया।जायंट्स को कप्तान जेम्स विंस (59) ने तूफानी शुरुआत दिलाई और 4.2 ओवर में ही टीम का स्कोर 44 रन पहुंचा दिया। दूसरे छोर पर खड़े जोर्डन काक्स ने केवल

कर ली है।गल्फ जायंट्स ने आईएलटी20 में गुरुवार को एमआई एमिरेट्स को रोमांचक मैच में 5 रन से मात देकर प्लेऑफ में लगभग अपनी जगह पक्की कर ली है। एमआई एमिरेट्स पहले ही प्लेऑफ में अपनी जगह पक्?की कर चुकी है। गल्?फ जायंट्स के 9 मैचों में 10 अंक हो गए हैं और वो प्वाइंट्स टेबल में दूसरे स्?थान पर पहुंच गई है। यहां जानें पूरे मैच का हाल।जायंट्स के नौ मैचों में 10 अंक हो गए हैं और अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं एमआइ नौ मैचों में 12 अंक लेकर पहले ही प्लेऑफ में जगह पक्की कर चुकी है। जी फाइव व एंड पिक्चर्स पर प्रसारित मुकाबले में एमआइ ने टास जीतकर जायंट्स इसमें दो रन का योगदान दिया। काक्स के आउट होने के बाद टीम ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए।टीम 90 रन के भीतर पांच विकेट गंवा चुकी थी। लेकिन अंत में जेमी स्मिथ ने सिर्फ 26 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 42 रन की पारी खेली और टीम का स्कोर 158 तक पहुंचाया।अपने नियमित कप्तान निकोलस पूरन के बगैर खेल रही एमआई की सधी शुरुआत हुई, लेकिन 34 रन बनाने वाले कुसल परेरा बड़ी पारी नहीं खेल पाए। मध्यक्रम लड़खड़ाने के बाद अंत में कप्तान की भूमिका निभा रहे किरोन पोलार्ड ने 40 रन बनाकर टीम को अंतिम ओवर तक मैच में बनाए रखा, लेकिन जीत नहीं दिला पाए।

एरोन ने चुनी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए ऑस्ट्रेलिया की बेस्ट प्लेइंग 11 इस दिग्गज को बाहर करके चौंकाया

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली।टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए ओरोन फिंच ने ऑस्ट्रेलिया की बेस्ट प्लेइंग-11 का चयन किया है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच द्वारा चुनी गई प्लेइंग-11 काफी चौंकाने वाली है। आरोन फिंच ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए ओरोन फिंच ने ऑस्ट्रेलिया की बेस्ट प्लेइंग-11 का चयन किया है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच द्वारा चुनी गई प्लेइंग-11 काफी चौंकाने वाली है। आरोन फिंच ने अपनी इस टीम में दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को शामिल नहीं किया है। आइए एक नजर डालते हैं आरोन फिंच द्वारा चुनी गई कंगारू टीम की प्लेइंग-11।अपनी इस टीम में दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को शामिल नहीं किया है। इसके अलावा मार्कस स्टोइनिस और मैथ्यू शॉर्ट में से किसी एक ही बल्लेबाज के चयन की बात कही है।दरअसल, आरोन फिंच ने बल्लेबाजी में डेविड वॉर्नर और ट्रेविस हेड को ओपनिंग पार्टनर बनाया है। डेविड वॉर्नर वनडे और टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन टी20 में उनका चयन होना लाजमी है। वॉर्नर की हालिया फॉर्म भी शानदार है और वह तेज गति से रन बनाकर विरोधी टीम पर दबाव बनाने में माहिर हैं।नंबर 3 पर उन्होंने मिचेल मार्श को रखा है, जो गेंद और बल्ले दोनों से अहम योगदान दे सकते हैं। हाल ही में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में वही कप्तान हैं और ऐसे में इस बात की पूरी संभावना है कि वो टी20 वर्ल्ड कप में भी टीम की कप्तानी कर सकते हैं।इसके बाद ग्लेन मैक्सवेल को उन्होंने नंबर चार पर रखा है, जो शानदार बल्लेबाजी कर किसी भी गेंदबाज को धूल चटा सकते

हैं। मध्यक्रम में वह शानदार बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं और जरूरत पड़ने पर ऑफ स्पिन भी डाल सकते हैं।नंबर 5 पर ओरोन ने जोश इंग्लिस को रखा है। इसके अलावा उन्होंने टीम डेविड को भी अपनी टीम में चुना है। तेज गेंदबाजों के तौर पर आरोन फिंच ने पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड को चुना है। वहीं उन्होंने एकमात्र स्पेशलिस्ट स्पिनर के तौर पर एडम जैम्पा का सेलेक्शन किया है।वहीं, आरोन फिंच ने ऊ20 ˋदेट् पूा ज् 2024 के लिए चुनी ऑस्ट्रेलियाई टीम की प्लेइंग-11 से स्टीव स्मिथ (एून एसूप) को बाहर रखा है। स्मिथ के बाहर होने के फैसले से हर कोई हैरान है, क्योंकि वह एक अनुभवी बल्लेबाज है, जो दबाव में शानदार परफॉर्म करते हैं। फिंच का कहना है कि इंग्लिस इस समय उनसे बेहतर फॉर्म में चल रहे हैं।डेविड वॉर्नर, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, जोश इंग्लिस, मार्कस स्टोइनिस/मैथ्यू शॉर्ट, टिम डेविड, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, एडम जैम्पा और जोश हेजलवुड।

ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच होगी खिताबी जंग, कप्तान उदय सहारन को जीत का है पूरा भरोसा

बेनानी। लगातार पांचवीं बार अंडर 19 विश्व कप फाइनल में पहुंची भारतीय टीम के कप्तान उदय सहारन ने इसका श्रेय खिलाड़ियों के आपसी तालमेल को देते हुए कहा है कि फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके उनकी टीम इतिहास में नाम दर्ज कराने के लिए लालयित है। भारत का अंडर-19 विश्व कप में दबदबा इसी बात से साबित होता है कि पिछले नौ में से सात बार टीम फाइनल में पहुंची है।लगातार पांचवीं बार अंडर 19 विश्व कप फाइनल में पहुंची भारतीय टीम के कप्तान उदय सहारन ने इसका श्रेय खिलाड.ियों के आपसी तालमेल को देते हुए कहा है कि फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके उनकी टीम इतिहास में नाम दर्ज कराने के लिए लालयित है। भारत का अंडर-19 विश्व कप में दबदबा है। पिछले नौ में से सात बार टीम फाइनल में पहुंची है।हर बार किसी खिलाड़ी ने जिम्मेदारी लेकर टीम को जीत तक पहुंचाया है।सहारन ने गुरुवार को कहा कि हमारी टीम के अच्छे प्रदर्शन का राज आपसी तालमेल है। हमारी बांडिंग इतनी अच्छी है कि ड्रेसग रूम का माहौल बहुत दोस्ताना है। सभी एक दूसरे पर भरोसा करते हैं और एक दूसरे की मदद को तत्पर रहते हैं। इसी से प्रदर्शन ग्राफ लगातार अच्छा रहा है। बहुत गर्व की बात है कि हम लगातार पांचवीं बार फाइनल में पहुंचे हैं।भारत का टूर्नामेंट में इतना दबदबा रहा है। हमारे सभी खिलाड़ी लय में हैं और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।अब तक टूर्नामेंट में छह मैचों में सर्वाधिक 389 रन बना चुके सहारन ने कहा कि फाइनल में सामने आस्ट्रेलिया हो या पाकिस्तान, फर्क नहीं पड़ता। हम विरोधी टीम पर फोकस नहीं कर रहे और अपने खेल पर ध्यान दे रहे हैं। हमने मैच दर मैच रणनीति बनाई है और हर मैच को संजीदगी से ले रहे हैं।यह पूछने पर कि आस्ट्रेलिया के विरुद्ध क्या बदला दिमाग में होगा क्योंकि सीनियर टीम पिछले साल वनडे विश्व कप फाइनल उससे हारी थी। उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं सोच रहे हैं। हम अपने खेल पर फोकस कर रहे हैं और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ देना है।



आईपीएल 2024 से धोनी जर्सी पर दिखेगा ये लोगा सीएसके ने उस एयरलाइंस से मिलाया हाथ, जिसकी ब्रैंड एंबेसडर हैं कैटरीना कैफ

(आधुनिक समाचार सेवा)
मुंबई। विमानन कंपनी एतिहाद एयरवेज ने बृहस्पतिवार को कहा कि आईपीएल की फ्रेंचाइजी टीम चेनन्ई सुपर किंग्स (सीएसके) का आधिकारिक प्रायोजक बनने के लिए करार किया है। कंपनी ने बताया कि इस साझेदारी में सीएसके के कार्यक्रम एवं विभिन्न अलावा टीम के खिलाड.ियों की जर्सी पर भी एतिहाद का लोगो मौजूद होगा। अब धोनी की जर्सी पर आईपीएल 2024 से नया लोगो फैंस को दिखेगा।इसके अलावा टीम के खिलाड.ियों की जर्सी पर भी एतिहाद का लोगो मौजूद होगा।

मंच शामिल किए गए हैं।विमानन कंपनी एतिहाद एयरवेज ने बृहस्पतिवार को कहा कि आईपीएल की फ्रेंचाइजी टीम चेनन्ई सुपर किंग्स (सीएसके) का आधिकारिक प्रायोजक बनने के लिए करार किया है। कंपनी ने बताया कि इस साझेदारी में सीएसके के कार्यक्रम एवं विभिन्न मंच शामिल किए गए हैं। इसके कंपनी के मुख्य राजस्व अधिकारी अरीक डे ने कहा कि हम जिस निवेश की घोषणा कर रहे हैं, वह सीएसके के बारे में है। क्रिकेट का इस देश में बड़ा महत्व है और हमारे लिए उस रिश्ते को मजबूत करना बेहद महत्वपूर्ण है। सीएसके के साथ साझेदारी की घोषणा चेनन्ई में टीम अधिकारियों और सीएसके खिलाड.ियों की उपस्थिति में की गई।

ऑस्ट्रेलिया ने छठी बार अंडर 19 वर्ल्ड कप के फाइनल में किया प्रवेश, करीबी मैच में पाकिस्तान को चटाई धूल

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच अंडर-19 वर्ल्ड कप का दूसरा सेमीफाइनल मैच बेनानी में खेला गया। इस सेमीफाइनल मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पाकिस्तान को 1 विकेट से हराया।अंडर 19 वर्ल्ड कप 2024 के दूसरे सेमीफाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 1 विकेट से धूल चटाई। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने रोमांचक मैच में जीत हासिल कर अंडर 19 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस मैच में कंगारू टीम की तरफ से टिकट कटवाया है। अब अंडर 19 वर्ल्ड कप के फाइनल मैच में भारत और ऑस्ट्रेलिया बीच खिताबी जंग होगी।दरअसल, अंडर 19 वर्ल्ड कप 2024 के दूसरे सेमीफाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया पाकिस्तान को 1 विकेट से धूल चटाई। इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए पाकिस्तान टीम 179 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कंगारू गेंदबाजों ने मैच की शुरुआत से ही पाकिस्तानी बैटर्स को खूब परेशान किया और टीम को 200 रन का आंकड़ा भी नहीं बनाने दिया। टॉम स्ट्रैकर ने अकेले के दम पर 6 विकेट लेकर पाकिस्तान

के बैटर्स को अपना शिकार बनाया और कंगारू टीम को मजबूती दी।180 रन का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम की तरफ से हैरी डिक्सन ने 75 गेंदों का सामना करते हुए 50 रन बनाए। । हैरी डिक्सन ने अर्धशतकीय पारी खेली और उनके अलावा टॉम स्ट्रैकर ने 6 विकेट झटके।जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अंडर 19 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। 2018 के बाद कंगारू टीम ने टूर्नामेंट के फाइनल का

18 साल के कंगारू गेंदबाज ने काटा गदर, 6 विकेट लेकर तोड़ डाला कगिसो रबाडा का 10 साल पुराना वर्ल्ड रिकॉर्ड

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच अंडर-19 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मुकाबला गुरुवार को खेला गया। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पाकिस्तान को 1 विकेट से हराया। इस मैच में जीत हासिल कर कंगारू टीम ने अंडर 19 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में प्रवेश कर लिया।ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर मैच में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।पाकिस्तान टीम पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 48.5 ओवर में 179 रन पर ऑलआउट हो गई। अजान अवैस और अराफत मिन्हास ने अर्धशतकीय पारियां खेली। दोनों ने 52 रन बनाए। उनके अलावा पाकिस्तान की टीम के बाकी बल्लेबाज दहाई का स्कोर भी नहीं छू सके।मैच में कंगारू टीम ने पाकिस्तान टीम को शुरुआत से

ही जमकर परेशान किया। 18 साल का कंगारू गेंदबाज टॉम स्ट्रैकर पाकिस्तान के बल्लेबाजों के लिए काल साबिए हुए। उन्होंने एक दो नहीं, बल्कि पूरे 6 विकेट लिए। इसके साथ ही उन्होंने एक वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम बनाया। उन्होंने साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा का 10 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर मैच में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।पाकिस्तान टीम पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 48.5 ओवर में 179 रन पर ऑलआउट हो गई। अजान अवैस और अराफत मिन्हास ने अर्धशतकीय पारियां खेली। दोनों ने 52 रन बनाए। उनके अलावा पाकिस्तान की टीम के बाकी बल्लेबाज दहाई का स्कोर भी नहीं छू सके।18 साल के टॉम स्ट्रैकर ने 6 विकेट लेकर पाकिस्तान के बैटिंग ऑर्डर को तबाह किया उन्होंने 9.5 ओवर में 24 रन देकर 6 विकेट हासिल किए।

इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे।

सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा।

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

भारतीय टीम का ट्रंप कार्ड होगा ये खिलाड़ी, पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज ने की भविष्यवाणी

प्रेट्र, जोहानिसबर्ग। सभी प्रारूपों में जसप्रीत बुमराह के प्रदर्शन से प्रभावित दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज वर्नेन फिलैंडर ने कहा है कि वह इस साल होने वाले टी-20 विश्व कप में भारत की सफलता की कुंजी रहने के साथ सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज भी साबित होंगे।दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज वर्नेन फिलैंडर ने कहा कि जसप्रीत बुमराह शानदार गेंदबाज हैं और आगामी टी20 वर्?ड कप 2024 में वो भारतीय टीम के प्रमुख खिलाड़ी रहेंगे। जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापट्टनम टेस्?ट में 9 विकेट लेकर क्रिकेट जगत को प्रभावित किया।

नाक पर गेंद लगने से जख्मी हुआ स्टार, दर्द से तड़पता रहा; खुद का खून देख कांप उठी रूह

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। क्रिकेट के खेल में अक्सर दोनों टीमों को आपस में लड़ते हुए और एक दूसरे को टक्कर देते हुए देखा जाता है, लेकिन मैच के बीच कई बार ऐसी घटनाएं हो जाती है, जिसकी किसी को भी उम्मीद नहीं होती। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के मैदान पर घटी एक घटना काफी तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें बल्लेबाज हेनरी हंट के साथ बीच मैच बड़ा हादसा हुआ। खिलाड़ी की नाक पर रॉकेट की रफ्तार से आई गेंद लगी और इस गेंद ने प्लेयर को ओवर की दूसरी गेंद पर विक्टोरियाई बल्लेबाज थॉमस रोजर्स ने एक शॉट खेला। इस गेंद को लपकने के चक्कर में हेनरी हंट चोटिल हो गए।दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई घरेलू टूर्नामेंट मार्श कप में साउथ ऑस्ट्रेलिया और विक्टोरिया के बीच एक मुकाबला खेला गया। इस मैच में साउथ ऑस्ट्रेलिया के प्लेयर हेनरी हंट (पहेब् प्लूह्) के साथ बीच मैच में एक दर्दनाक हादसा हुआ। मैच में पारी के 25वें ओवर की दूसरी गेंद पर विक्टोरियाई बल्लेबाज थॉमस रोजर्स ने एक शॉट खेला।हवा में

जख्मी कर दिया।ऑस्ट्रेलियाई घरेलू टूर्नामेंट मार्श कप में साउथ ऑस्ट्रेलिया और विक्टोरिया के बीच एक मुकाबला खेला गया। इस मैच में साउथ ऑस्ट्रेलिया के प्लेयर हेनरी हंट के साथ बीच मैच में एक दर्दनाक हादसा हुआ। मैच में पारी के 25वें जाती हुई गेंद सीधा फील्डिंग कर रहे हेनरी के पास गई और हर किसी को लग रहा था कि वह ये आसान-सा कैच लपक लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उनकी नजरें कई और रही और गेंद सीधा उनके नाक पर लगी, जिससे वह चोटिल हो गए।

क्रिस गेल की विस्फोटक बल्लेबाजी का लुत्फ उठाएंगे भारतीय फैंस, इस लीग में बिखेरेंगे अपना जलवा

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली।वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज क्रिस गेल इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) के पहले संस्करण में तेलंगाना टाइगर्स की कप्तानी करेंगे। आईवीपीएल का आयोजन 23 फरवरी से तीन मार्च तक देहरादून के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होगा, जिसमें क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी अपना जलवा बिखेरेंगे।वेस्टइंडीज के पूर्व विस्?फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल 23 फरवरी से शुरू होने जा रही इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग के पहले संस्करण में तेलंगाना टाइगर्स की कप्तानी करेंगे। इस लीग में वीरेंद्र सहवाग मुनाफ पटेल सुरेश रैना रजत भाटिया प्रवीण कुमार युसूफ पठान हर्षल गिब्स जैसे दिग?गज क्रिकेटर भी हिस्सा लेंगे। आईवीपीएल के मुकाबले देहरादून में खेले जाएंगे। 3 मार्च को फाइनल खेला जाएगा।गेल



ने कहा, 'मैं पहले इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग में बड़े नामों के साथ मैदान पर वापस आ रहा हूं। आईवीपीएल के लिए तैयार हो जाइए।' गेल की तेलंगाना टाइगर्स में पूर्व भारतीय खिलाड़ी सुदीप त्यागी और मनप्रीत गोनी तथा वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज रिकाडी पोवेल भी होंगे।इस लीग का आयोजन भारतीय वेटरन क्रिकेट बोर्ड (बीवीसीआई) द्वारा आयोजित किया जा रहा है और इसका प्रबंध 100 स्पोर्ट्स करेगा। सहवाग, मुनाफ पटेल, सुरेश रैना, रजत भाटिया, क्रिस गेल, प्रवीण कुमार, युसूफ पठान, हर्षल गिब्स के जैसे कई अन्य दिग्गज क्रिकेटरों के साथ आईवीपीएल क्रिकेट का रोमांच लेकर आएगा।

सम्पादकीय

चंद्र ग्रहण के साए में होली, जानिए त्योहार पर क्या होगा इसका प्रभाव

इस साल होली का त्योहार 25 मार्च को है, लेकिन इस बार होली के रंग में भंग पड़ने वाली है, क्योंकि इसी दिन साल 2024 का पहला चंद्र ग्रहण भी लगने जा रहा है। फाल्गुन माह में शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा की रात होलिका दहन किया जाता है और इसके अगले दिन होली मनाई जाती है। इस साल होली का त्योहार 25 मार्च को है, लेकिन इस बार होली के रंग में भंग पड़ने वाली है, क्योंकि इसी दिन साल 2024 का पहला



चंद्र ग्रहण भी लगने जा रहा है। वैसे तो ग्रहण एकमात्र खगोलीय घटना है, लेकिन इसे धार्मिक शास्त्रों में शुभ नहीं माना जाता है। कहा जाता है कि ग्रहण के दौरान कई प्रकार की नकारात्मक ऊर्जा निकलती है, जिसका प्रभाव संपूर्ण ब्रह्मांड पर पड़ता है, इसलिए इस साल होली पर चंद्र ग्रहण का लगना शुभ नहीं माना जा रहा है। ऐसे में चलिए जानते हैं 25 मार्च को होली वाले दिन चंद्र ग्रहण कब लगेगा और रंगों के त्योहार पर इसका क्या प्रभाव होगा हिंदी पंचांग के अनुसार फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि यानी 25 मार्च 2024 दिन सोमवार को चंद्र ग्रहण लगेगा। ये चंद्र ग्रहण सुबह 10 बजकर 23 मिनट से शुरू होगा, जो दोपहर 03 बजकर 02 मिनट तक रहेगा। हालांकि इस चंद्र ग्रहण को भारत में नहीं देखा जा सकेगा, जिस कारण से इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा और इसका प्रभाव भी होली के त्योहार पर नहीं होगा। इसलिए आप बिना कीसी चिंता के होली का त्योहार मना सकते हैं। साल 2024 का पहला चंद्र ग्रहण चंद्र ग्रहण अमेरिका, जापान, रूस के कुछ हिस्से, आयरलैंड, इंग्लैंड, स्पेन, पुर्तगाल, इटली, जर्मनी, फ्रांस, हॉलैंड, बेल्जियम, दक्षिणी नॉर्वे और स्विट्जरलैंड में दिखाई देगा।25 मार्च को लगने वाले चंद्र ग्रहण का प्रभाव सभी राशियों पर पड़ेगा, लेकिन कुछ राशि के जातकों पर इसका विशेष प्रभाव देखने को मिल सकता है। ज्योतिष के अनुसार मिथुन, सिंह, मकर और धनु राशि के जातकों पर इस चंद्र ग्रहण का शुभ प्रभाव रहेगा।

आखिर ट्रूडो को परेशानी क्या है, महाशक्तियों से रिश्ते बिगाड़ चुका है उनका यह मिजाज

मनमौजी ट्रूडो की खुफिया सेवाओं का भारत पर कनाडा के लोकतांत्रिक संस्थानों को नष्ट करने का आरोप हैरान नहीं करता, क्योंकि मनगढ़ंत और बेबुनियाद आरोप लगाने की इसी आदत के चलते उन्होंने अमेरिका, चीन और विश्व की कई बड़ी शक्तियों के साथ अपने रिश्ते खराब किए हैं।रामायण में भगवान राम के भरोसेमंद सखा हनुमान जी को अपनी महान शक्ति को भूलने का श्राप मिला है। भालुओं के राजा जामवंत उन्हें याद दिलाते हैं और बाकी की कहानी सब जानते हैं। इसमें संदेह नहीं कि शताब्दी के तीसरे दशक में भारत अच्छाई की शक्ति के रूप में उभर रहा है और इसकी प्रतिष्ठा आसमान छू रही है। न केवल इसकी अर्थव्यवस्था फल-फूल रही है, बल्कि इसकी वैज्ञानिक क्षमता और नए डिजिटल भविष्य की दिशा में इसका नेतृत्व भी स्पष्ट है।विकासशील दुनिया भारत के नेतृत्व को स्वीकार करती है और उसका अनुकरण भी करना चाहती है। शक्तिहीन होती पाश्चात्य शक्तियां इससे भयभीत हैं। भारत की नीति हमेशा स्वतंत्र एवं स्वायत्त रही है। जाहिर है, खुद को ब्रह्मांड का मालिक मानने वाले देश हमारी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। चूंकि अब कोई जामवंत नहीं है, नशे के आदी विदूषकों के राजा (ट्रूडो) ने, जो वैश्विक मंच पर जगह बनाने के लिए कुछ भी करने को तैयार है, अपनी खुफिया सेवाओं को भारत के खिलाफ हास्यास्पद आरोप लगाने का फरमान जारी किया।सबसे पहले उसने यह बेतुका आरोप लगाया कि भारत ने उसके वफादार व्यक्ति की हत्या कर दी है। उसने दुनिया भर को इसके बारे में बताया। लेकिन जब उसका ज्यादा असर नहीं हुआ, तो उन्होंने अपनी खुफिया सेवाओं को भारत पर कनाडा के चुनाव में हस्तक्षेप करने और उसकी लोकतांत्रिक संस्थानों को नष्ट करने की योजना बनाने के आरोप लगाने का आदेश दिया। कोई पूछ सकता है कि इसका सबूत क्या है?खैर, कनाडा में भारतीय प्रवासियों का एक बहुत बड़ा वर्ग है, जो भारत-हितैषी उम्मीदवारों को वोट दे सकता है। वे भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक हैं और कनाडा के कानून के तहत ही उन्हें कनाडाई नागरिकता मिली है। लेकिन ट्रूडो विलाप करते हुए कहते हैं, 'हम कानून के राज में विश्वास करते हैं, लेकिन गैर-श्वेत कनाडाई लोगों ने अब तक कनाडाई झंडे को नहीं अपनाया है।' लेकिन ट्रूडो ने क्या कभी इसकी वजह सोची है? कनाडा भारतीय मूल के प्रवासियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करता है। हालांकि विदूषक ट्रूडो शेखी बघारते हैं कि वे लोकतांत्रिक और सबको समान अवसर देने वाले लोग हैं, पर वास्तविकता में वे नस्लवादी हैं। कनाडा एक छोटी शक्ति वाला बड़ा देश है, और उसे सम्मान व प्रशंसा पाने की प्रबल इच्छा है। इसलिए वह अंतरराष्ट्रीय मामलों में अपनी नाक घुसेड़ता है, और विवेकशील लोग उसकी आंखों में खटकने लगते हैं। तमिल विद्रोह के दौरान कनाडा ने श्रीलंका पर मानवाधिकारों के उल्लंघनों के बारे में खूब शोर मचाया, जवाब में, श्रीलंका ने भी लिट्टे आतंकवादियों को शरण देने का उन पर आरोप लगाया।श्रीलंका के विदेश मंत्री ने कहा कि आतंकवादियों को कनाडा में सुरक्षित पनाहगाह मिल गई है और वह भारत के खिलाफ ट्रूडो की टिप्पणियों से 'हैरान नहीं' हैं, क्योंकि 'अपमानजनक और बेबुनियाद आरोप' लगाना उनकी आदत है। विदूषक ट्रूडो पाकिस्तान (खासकर बलूचिस्तान और खैबर क्षेत्र) में गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों के बारे में चुप हैं, क्योंकि प्रमुख कनाडाई कंपनियां वहां खनन में शामिल हैं। 1980 के दशक में एक कनाडाई खनन कंपनी बंद हो गई, जब यह साबित हुआ कि इंडोनेशिया में सोने के विशाल भंडार की खोज के बारे में उसने बेशर्मी से झूठ बोला था। अपने सहयोगियों के समर्थन के बिना कनाडा की सेना भूटान जितनी ही मजबूत है। उसने यूक्रेन से जिन हथियारों का वादा किया, वह अब तक बन भी नहीं पाए हैं।आधुनिक इतिहास में पहली बार एक संपनन्, बड़े और कम आबादी वाले पश्चिमी देश के प्रधानमंत्री ने सबसे ताकतवर

विकासशील देश से अपने रिश्ते को यह आरोप लगाकर खत्म कर दिया कि उसने, उसके सबसे प्रिय आतंकवादी, जो भारतीय मूल का कनाडाई नागरिक था, की कनाडा की धरती पर हत्या कर दी। उन्होंने इस घटना को वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा बताया। लेकिन भारत ऐसा क्यों करना चाहेगा, उसे इससे क्या हासिल होगा? ट्रूडो इसका जवाब नहीं देंगे कि क्या वह व्यक्ति भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने और टेरर-फंडिंग में शामिल था, और क्या उसने कनाडा में असॉल्ट राइफल लहराते हुए अपने वीडियो पोस्ट किए थे? इसलिए भारत के विदेश मंत्री ने नवंबर, 2023 में लंदन में कहा कि कनाडा चाहता है कि हम उसकी धरती पर एक कनाडाई की हत्या की जांच में 'सहयोग' करें, लेकिन वह हमें यह भी बताने में असमर्थ है कि वह किस तरह के सहयोग की अपेक्षा करता है।कनाडा की अहंकारी विदेश मंत्री, जिसने भारत को धमकी दी थी कि वह आतंकी की हत्या में भारत की संलिप्तता के बारे में अपने सहयोगियों से बात करेंगी, अब भारत की प्रतिक्रिया से हिल गई हैं और भारत से निजी तौर पर इस मसले पर बात करना चाहती हैं। तो अब आगे क्या होगा? मैं पिछले पचास वर्षों से कूटनीति में हूं। राष्ट्रों के बीच भरोसा कायम करने में दशकों लग जाते हैं। लेकिन रिश्ते खराब करने के लिए कुछ गलत बयान ही काफी होते हैं।भारत एक परिपक्व और शक्तिशाली लोकतंत्र है। विदेश नीति को लेकर विभिनन्न दलों में यहां आम सहमति है। ट्रूडो ने कई प्रमुख शक्तियों के साथ अपने रिश्ते खराब किए हैं। उन्होंने पुतिन को बेवजह गालियां दीं, चीनी नेता ने कनाडाई मीडिया को उनकी गोपनीय चर्चाओं के बारे में जानकारी देने के लिए 2022 में बाली में सार्वजनिक रूप से अपमानित किया और जब उन्होंने जी-7 शिखर सम्मेलन में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का मजाक उड़ाया, तो अमेरिका भी नाराज हो गया था।जब एक अमेरिकी-कनाडाई आतंकवादी ने एयर इंडिया के विमानों को उड़ाने की धमकी दी, तो ट्रूडो ने कहा कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। तो अगर कुछ अप्रिय हुआ, तो क्या इसे ट्रूडो के कानून के मुताबिक कार्रवाई की स्वतंत्रता माना जाए? भारत-कनाडा संबंधों को सुधारने में दशकों लगेंगे। कनाडा हमारी विदेश नीति के रडार पर बहुत नीचे है। ट्रूडो भारत पर रिश्ते तोड़ने का भी आरोप लगा सकते हैं, तो हम इसमें आखिर क्या कर सकते हैं! ओटावा एक समय वरिष्ठ भारतीय राजनयिकों के लिए अच्छी पोस्टिंग थी। लेकिन फिलहाल वह भारतीय कूटनीतिज्ञों के लिए अच्छी जगह नहीं रह गई है। उम्मीद है, इस बार मोदी फिर चुनाव जीतकर सत्ता में लौटेंगे। यदि तब तक ट्रूडो का नशा उतर जाए, तो वह उन्हें बधाई दे सकते हैं।

मौनी अमावस्या कल, जानिए मुहूर्त, महत्व और उपाय

मौनी अमावस्या के दिन लोग पवित्र नदी में आस्था की डुबकी लगाते हैं। शास्त्रों में इस दिन मौन रहकर दान और सनन करने का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि इस दिन किसी पवित्र नदी में सनन के बाद दान करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है।माघ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को माघी अमावस्या या मौनी अमावस्या कहा जाता है। मौनी अमावस्या के दिन लोग पवित्र नदी में आस्था की डुबकी लगाते हैं। शास्त्रों में इस दिन मौन रहकर दान और सनन करने का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि इस दिन किसी पवित्र नदी में सनन के बाद दान करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। इस दिन किए गए दान-पुण्य और पूजन से अन्य दिनों की तुलना में हजारों गुणा पुण्य प्राप्त होता है और ग्रह दोषों के प्रभाव भी कम होते हैं। इस दिन प्रातः सनन के बाद सूर्य को दूध, तिल से अर्घ्य देना भी विशेष लाभकारी होता है। इस साल मौनी अमावस्या 9 फरवरी को है।

अचानक अंतरिक्ष में क्यों भेजे जा रहे हैं इतने मिशन्स? वैज्ञानिक खोजों से ज्यादा ये हैं असली मायने

जुलाई 20, 1969 नील आर्मस्ट्रांग चांद पर अपना पहला कदम रखते हैं। ये इंसानों की अंतरिक्ष में एक विशाल छलांग थी। इसके बाद नासा ने अपोलो 14, 15, 16 कई मैन्ड मिशन्स चांद पर भेजे। हालांकि, साल 1972 में अपोलो 17 के बाद चांद पर भेजे जा रहे मानव मिशन्स का कारवां थम गया। यूजीन सेरनन वह आखिरी इंसान थे जिन्होंने चांद पर अपना कदम रखा था। तब से लेकर अब तक 50 सालों से भी ज्यादा का वक्त बीत चुका है पर कोई इंसान वहां पर नहीं गया। अचानक इस दशक के शुरू होते ही ऐसा क्या हुआ कि अमेरिका, चीन, रूस और हमारा देश भारत चांद पर जाने के लिए कई स्ट्रैटेजिक मिशन्स प्लान कर रहा है। अमेरिका तो अपने आर्टेमिस प्रोग्राम के जरिए साल 2026 में दोबारा इंसानों को चांद पर उतारने जा रहा है। आप में से कई लोग सोच रहे होंगे कि इन मिशन्स के जरिए वैज्ञानिक खोजें, रिसर्च और स्पेस एक्स्प्लोरेशन किया जाएगा। लेकिन ऐसा है नहीं। इन सब से कहीं ज्यादा इसके पीछे एक बहुत बड़ा जियोपॉलिटिकल एंगल छिपा है। आने वाले भविष्य में चांद एक बहुत बड़ा सेलेस्टियल चॉक पॉइंट बनने जा रहा है, जो स्पेस रेस और मॉडर्न वारफेयर की परिभाषा को ही बदल के रख देगा। साल 2019 में नाटो स्पेस को एक ऑपरेशनल डोमेन डिक्लेअर करता है। इस निणन्य के ठीक बाद अमेरिका दुनिया की पहली डेडिकेटेड स्पेस फोर्स को लॉन्च करता है। यही नहीं फ्रांस इसके बाद अपनी एयर फोर्स का नाम बदलकर एयर एंड स्पेस फोर्स कर देता है। इनके साथ-साथ दुनिया की स्पेस प्रोग्राम रन करने वाले कई देश भी इस निणन्य के ठीक बाद स्पेस में अपने वर्चस्व को लेकर कई रणनीतिक कदम उठाते हैं। आप समझ रहे हैं यहां पर क्या हो रहा है? स्पेस शायद अब एक नया जंग का मैदान बनने जा रहा है। स्पेस रेस का उद्देश्य अब वैज्ञानिक खोजों और स्पेस एक्सप्लोरेशन से कहीं ज्यादा युद्ध जैसी परिस्थितियों में स्पेस के मेजर चॉक पॉइंट्स पर अपना वर्चस्व स्थापित करना है। इसी को देखते हुए रूस और चीन अपना खुद का स्पेस स्टेशन बना रहे हैं। वहीं हमारा भारत भी इसमें पीछे नहीं है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का बेसिक मॉडल साल 2028 तक धरती ऑर्बिट में सेट कर दिया जाएगा। वहीं इसे पूरा बनाने का लक्ष्य साल 2035 तक रखा गया है। आप में से कई लोग सोच रहे होंगे कि आखिर स्पेस कैसे वॉर का एक नया फ्रंटियर बन रहा है? स्पेस तो अंतहीन है। फिर यहां पर लड़ाई करके दुनिया को क्या मिलेगा। आइए समझते हैं इसे विस्तार से - अगर वॉर के ट्रेंड को देखेंगे, तो शुरुआत में लड़ाई जमीन को लेकर होती थी। उसके बाद ब्रिटिशर्स और फ्रेंच ने महासागरों का इस्तेमाल करके बड़े-बड़े जहाजों के जरिए दुनियाभर में शासन किया। इसके बाद दोनों विश्व युद्ध में एयर एक नया वॉर का फ्रंटियर बन कर उभरा, जब बड़े बड़े एयरक्राफ्ट के जरिए एक देश दूसरे देशों के स्ट्रैटेजिक पॉइंट पर हमला कर रहे थे। जापान द्वारा अमेरिका के पर्ल हार्बर पर किया गया ऐतिहासिक हमला इनमें से एक था। अब हम एक नए युग में प्रवेश कर रहे हैं जहां साइबर स्पेस और स्पेस, वारफेयर के एक नए फ्रंटियर के रूप में उभर रहे हैं। अमेरिका को यह पता है कि जिस तरह फ्रेंच

और ब्रिटिशर्स ने ओसियंस को कैपिटलाइज करके दुनियाभर में अपना शासन किया था। ठीक उसी तरह अगर स्पेस को कैपिटालाइज कर लिया जाए, तो पूरी दुनिया पर अपनी बादशाहत बनाई जा सकती है। और ये बात रूस, चीन के साथ साथ हमारा देश भारत भी जानता है।हमारे पृथ्वी के आसपास ऐसे कई जरूरी चॉक पॉइंट्स हैं, जहां पर अगर कोई देश कंट्रोल पा ले, तो उस देश को 21वीं सदी के स्पेस रेस में पीछे करना काफी मुश्किल है। इसमें पहली कैटेगरी में अर्थ के तीनों ऑर्बिट जोन्स, लो अर्थ ऑर्बिट, मिडिल अर्थ ऑर्बिट और जियो स्टेशनरी ऑर्बिट शामिल हैं। इन तीनों ऑर्बिट में सैटेलाइट को उनकी जरूरतों को देखकर इंस्टॉल किया जाता है। यही सैटेलाइट दुनियाभर में इंटरनेट, कम्यूनिकेशन, जीपीएस, अर्थ की ऑब्जर्वेशन, वेदर फॉरकास्टिंग से लेकर स्पाई और सर्विलांस करने के लिए इस्तेमाल में आ रहे हैं। विश्व के कई देश इन सैटेलाइट कम्यूनिकेशन नेटवर्क पर आश्रित हैं। और हमारा इंडिया भी इनमें से एक है। आज के समय कई जरूरी सी रूट्स जैसे स्ट्रेट ऑफ हॉर्मूज, मलक्का स्ट्रेट, स्वेज कैनाल ग्लोबल इकोनॉमी को पम्प करने में एक इंपोर्टेंट रोल प्ले कर रहे हैं। ठीक इसी तरह धरती के ऑर्बिट जोन में मौजूद ये सैटेलाइटें भी वैश्विक अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए ईंधन की भूमिका निभा रही हैं। ऐसे में स्ट्रैट ऑफ हार्मूज, मलक्का स्ट्रेट, स्वेज कैनाल की तरह ही धरती का ऑर्बाइटल जोन भी काफी स्ट्रैटेजिक है। स्पेस में जिस तेजी से अमेरिका, चीन और रूस की मौजूदगी बढ़ रही है। उससे हमारे सैटेलाइट नेटवर्क पर भी थ्रेट्स आ रहे हैं। कल को अगर युद्ध या किसी जियोपॉलिटिकल एजेंडा को पूरा करने के लिए कोई देश हमारे सेटेलाइट नेटवर्क के साथ जरा भी छेड़छाड़ करता है। ऐसे में हमारे देश का कम्यूनिकेशन नेटवर्क और इकोनॉमी तबाह हो सकती। इन्हीं खतरों को काउंटर करने के लिए हमारा देश साल 2028 तक इंडियन स्पेस स्टेशन का एक बेसिक मॉडल अर्थ के ऑर्बिट में लॉन्च कर देगा। सैटेलाइट नेटवर्क को प्रोटेक्ट करने के साथ साथ आने वाले समय में इंडिया का यह स्पेस स्टेशन कई जियोपॉलिटिकल एजेंडा को पूरा करने में भी मदद करेगा। स्पेस में दूसरा सबसे महत्वपूर्ण चॉक पॉइंट चंद्रमा है। चांद पर ऐसे बेशकीमती संसाधनों का भंडार है, जिस पर अगर किसी भी देश का हाथ लग गया, तो उसकी बादशाहत को कोई नहीं रोक सकता है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर बड़ी मात्रा में क्रिस्टल वॉटर आइस है, जिसके बारे में चंद्रयान वन के इम्पैक्ट लैंडिंग के जरिए पता चला था। भविष्य में इस क्रिस्टल वॉटर आइस को आसानी से हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में तोड़कर चांद पर बनी कॉलोनीज में सांस लेने के लिए ऑक्सीजन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। यही नहीं चांद के क्रिस्टालाइज वॉटर का इस्तेमाल डीप स्पेस मिशन्स के लिए रॉकेट फ्यूल बनाने में भी किया जा सकता है। चांद पर दूसरा सबसे वैल्यूएबल रिसोर्स है हीलियम 3। हीलियम 3 एक ऐसा गेम चेंजिंग संसाधन है, जो स्पेस रेस के पूरे डाइनामिक्स को ही बदल के रख देगा। हिलियम 3 नॉन रेडियो एक्टिव क्लीन एनर्जी का एक बहुत बड़ा स्रोत है। हिलियम 3 के न्यूक्लियर एनर्जी का इस्तेमाल करने पर किसी भी तरह का रेडियोएक्टिव वेस्ट नहीं निकलता है। चांद पर इतनी ज्यादा मात्रा में हीलियम 3 है कि इसकी मदद से पृथ्वी की दस हजार सालों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। यही नहीं, हिलियम 3 का उपयोग भविष्य में एडवांस रॉकेट के प्रॉपल्जन सिस्टम में ईंधन के रूप में भी किया जा सकता है। आप यह जानकर हैरान हो जाएंगे कि जहां आज की करंट टेकनेलॉजी की मदद से हमें मार्स तक जाने में महीनों का समय लगता है। वहीं हिलियम 3 फ्यूजन रॉकेट की मदद से महज कुछ दिनों में मंगल ग्रह तक का सफर पूरा किया जा सकता है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं है कि हीलियम 3 डीपर मैन्ड मिशन्स के रास्तों को खोल देगा। इसकी मदद से बेहद कम खर्च में एस्ट्रोनॉट को आसानी से जुपिटर, सैटर्न के यूरोपा और टाइटन जैसे महत्वपूर्ण चंद्र मिशनों पर बेहद कम समय में भेजा जा सकेगा। हालांकि, आज की हमारी करंट टैकनेलॉजी के जरिए हिलियम थ्री को एक्सट्रैक्ट करना काफी मुश्किल काम है। लेकिन आने वाले वक्तों में जो देश इसको क्रैक कर लेता है, उसके लिए अंतरिक्ष की दौड़ में आगे बने रहने के लिए कई नए आयाम खुल जाएंगे।

मंगल को पृथ्वी बनते देर नहीं लगेगी, भौतिकवादी तौर-तरीकों से उठीं कुछ आशंकाएं

वर्तमान भौतिकवादी तौर-तरीकों के साथ इंसान अगर मंगल पर बस भी जाता है, तो उसे भी वह पृथ्वी की तरह बिगाड़ते देर नहीं लगाएगा।प्राचीन काल से ही मंगल ग्रह एक मिथक की तरह मानवीय प्रेरणा और आकर्षण का केंद्र रहा है। अंतरिक्ष विज्ञानियों के लिए यह शोध का एक दिलचस्प विषय भी रहा है और परग्रहीय जीवन की खोज का एक वैध उम्मीदवार भी। 1960 के दशक से ही मंगल अंतरिक्ष अभियानों का एक लोकप्रिय गंतव्य रहा है। लेकिन अब पहली बार नासा ने निजी क्षेत्र से वाणिज्यिक मंगल मिशन पर प्रस्ताव आमंत्रित

किए हैं।इन मिशनों में लाल ग्रह पर विभिनन्पेलोड ले जाने से लेकर संचार सेवाएं प्रदान करने की बात हुई है, पर अंतरिक्ष यात्रियों को वहां भेजने पर अब तक कोई बात नहीं हुई है। मगर क्या लोग वाकई मंगल ग्रह पर जाना चाहते हैं? सवाल यह भी है कि लोगों को मंगल की धरती पर उतारने का सबसे अच्छा तरीका कौन-सा है? तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह भी है कि क्या हमें ऐसा करना चाहिए 1960 के बाद से मंगल ग्रह पर अब तक करीब 50 मिशन भेजे जा चुके हैं, जिनमें से 31 कामयाब रहे हैं, जो बुरा औसत नहीं है। 2016 में शिआपरेल्ली लैंडर की दुर्घटना जैसी विफलताएं भी मिली हैं। इसमें संदेह नहीं कि इन मिशनों से मंगल ग्रह के बारे में प्रचुर जानकारियां प्राप्त हुई हैं। इसके वायुमंडल, कक्षा और भूविज्ञान के अलावा यहां की सतह से दरवाजों और चेहरे जैसी अद्भुत छवियां भी दिखी हैं। हालांकि वैज्ञानिक इन सभी छवियों को चट्टानें ही बता रहे हैं, लेकिन इस ग्रह को लेकर आम लोगों की बढ़ती रुचि से पता चलता है कि यह हमारी कल्पनाओं में किस कदर व्याप्त है। एक सामान्य अंतरग्रहीय अंतरिक्ष मिशन की लागत करीब एक अरब अमेरिकी डॉलर होती है। यानी पिछले कुछ वर्षों में दुनिया की तमाम अंतरिक्ष एजेंसियों ने मंगल ग्रह पर करीब 50 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए हैं और ये सिर्फ कैमरे, रोवर्स और लैंडर्स भेजने के लिए हैं, लोगों को वहां भेजना तो अगले स्तर की बात होगी। दशकों से नासा और दूसरी अंतरिक्ष एजेंसियों ने अंतरिक्ष मिशनों पर भारी रकम खर्च की है।लेकिन 2020 के दशक में अंतरिक्ष क्षेत्र में अन्वेषण को समृद्ध बनाने वाली तकनीकें वाणिज्यिक दुनिया में तेजी से विकसित हो रही हैं। इनमें से एक उदाहरण है एलन मस्क का स्पेस एक्स, जिसके कई उद्देश्यों में से एक है मंगल मिशन और अंतिम लक्ष्य है मानवता को अंतरग्रही बनाना। जहां नासा का दृष्टिकोण इन अंतरिक्ष परियोजनाओं को लेकर रूढ़िवादी रहा है, वहीं स्पेस एक्स बहुत सारे बदलाव तेजी से करता है और अपनी विफलताओं से जल्दी सीखता भी है। स्पेस एक्स अकेला नहीं है। खासकर अमेरिका में अंतरिक्ष तक पहुंच देने वाले वाणिज्यिक प्रदाताओं का उद्योग काफी तेजी से फल-फूल रहा है। ऐसा नहीं है कि नासा अपनी परियोजनाओं को बंद कर रहा है। वह सिर्फ वाणिज्यिक प्रदाताओं को जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। 20 साल पहले की तुलना में चीजें जिस तरह से बदली हैं, उसे देखते हुए यह कदम अपरिहार्य भी लग रहा था। महंगे अंतरिक्ष मिशनों को सस्ता और ज्यादा कुशल बनाने के लिए भी ऐसी पहलें जरूरी थीं। वाणिज्यिक क्षेत्र की कंपनियों को भी इससे प्रोत्साहन मिला है, जो अंतरिक्ष मिशनों को पूरा करने के लिए लगातार नव-प्रवर्तन कर रही हैं। हालांकि ये अभी बिल्कुल शुरुआती दिन हैं और व्यावसायिक दृष्टिकोण को खुद को साबित करना होगा।जैसा करीब सौ साल पहले एचजी वेल्स ने अपने उपन्यास द वार ऑफ वर्ल्ड्स में भी बताया था, मंगल ग्रह आधुनिक मानस में एक रहस्यपूर्ण और खतरे के स्थान के तौर पर देखा जाता है। इस पर कई फिल्में और टीवी शो भी बन चुके हैं। काफी कुछ लिखा भी जा चुका है। सवाल फिर भी वही है कि क्या मनुष्य को मंगल ग्रह की यात्रा करनी चाहिए? मस्क जरूर ऐसा करना चाहते हैं। 2010 के दशक में नीदरलैंड के एक स्टार्ट-अप मार्स-वन ने इस मामले में जरूर पहल की थी।इस स्टार्ट-अप ने मंगल ग्रह की यात्रा के इच्छुक 100 स्वयंसेवियों का चयन किया और 2019 में दिवालिया होने के पहले लाखों डॉलर कमा लिए।

संक्षिप्त समाचार

'कुछ लोग भारत को धर्मनिरपेक्ष से धार्मिक राष्ट्र बनाने का प्रयास कर रहे हैं

(आधुनिक समाचार सेवा)

कासरगोड (केरल)। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शुक्रवार को कहा कि कुछ लोग, जिनमें संवैधानिक पदों पर बैठे कुछ लोग भी शामिल हैं, बौद्धिक विचार के बजाय झूमनगढ़ंत कहानियों को प्राथमिकता देकर देश को एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र से धार्मिक राष्ट्र में बदलने की कोशिश कर रहे हैं। विजयन ने कहा कि इसलिए सावधानी और सतर्कता से आगे बढ़ने की जरूरत है।केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शुक्रवार को कहा कि कुछ लोग जिनमें संवैधानिक पदों पर बैठे कुछ लोग भी शामिल है बौद्धिक विचार के बजाय झूमनगढ़ंत कहानियों को प्राथमिकता देकर देश को एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र से धार्मिक राष्ट्र में बदलने की कोशिश कर रहे है। विजयन ने कहा कि इसलिए सावधानी और सतर्कता से आगे बढ़ने की जरूरत है।यहां 36वीं केरल विज्ञान कांग्रेस के उद्घाटन के बाद उन्होंने कहा, झूठा लोग बौद्धिक चिंतन के स्थान पर मनगढ़ंत कहानियों को प्राथमिकता देकर हमारे धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र को धार्मिक राष्ट्र में बदलने का प्रयास कर रहे है। दुर्भाग्य से संवैधानिक पदों पर बैठे कुछ लोग ऐसे प्रयासों का नेतृत्व कर रहे हैं।इ उन्होंने कहा, इसलिए, हमें सतर्कता और सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत है।मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि जैसे-जैसे राज्य उत्तरोत्तर और वैज्ञानिक रूप से आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे समाज में अवैज्ञानिक प्रथाओं और विचारों में भी वृद्धि देखी जा रही है। विजयन ने कहा, इस आधुनिक समय में भी, हमने राज्य

में मानव बलि जैसे जघन्य कृत्य होते देखे हैं। अंधविश्वासी विचार भी बढ़ रहे हैं। हमें इन मुद्दों को गंभीरता से देखने और उनसे बचाव करने की आवश्यकता है। ऐसा करने के लिए, हमें समाज में वैज्ञानिक जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है और केरल विज्ञान कांग्रेस ऐसा ही एक समाधान है।

इग्नू ज्ञानाधारित तथा कौशल विकास शिक्षा का सर्वश्रेष्ठ केन्द्र है- डॉ अवनि त्रिवेदी भट्ट

(आधुनिक समाचार सेवा)

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय कार्यालय, अहमदाबाद के निदेशक डॉ अवनि त्रिवेदी भट्ट ने बताया कि इग्नू ज्ञानाधारित तथा कौशल विकास शिक्षा का प्रमुख केन्द्र है।इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने दाखिले के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ाई है। इसके बाद अब विद्यार्थी 15 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में एडमिशन के लिए साल में दो बार फार्म भरे जाते हैं। पहला जनवरी सत्र के लिए और दूसरा जुलाई सत्र के लिए। जनवरी 2024 सत्र की एडमिशन प्रक्रिया जारी है एक प्रश्न के उत्तर में निदेशक डॉ अवनि त्रिवेदी भट्ट ने बताया कि कौशल विकास और ज्ञानाधारित शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए इग्नू सर्व श्रेष्ठ विश्वविद्यालय है। इसका उद्देश्य आसानी से दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी उच्च शिक्षा जारी रखते

विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन के साथ -साथ सर्वतोन्मुखी विकास के समान अवसर उपलब्ध कराना है।यह विश्वविद्यालय रिमोट एरिया,ग्रामीणांचल के सुषुप्त प्रतिभाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रहा है। नौकरी पेशा वाले लोग भी हुए इग्नू के सर्टिफिकेट, डिप्लोमा,पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा ग्रेजुएशन तथा पोस्ट ग्रेजुएशन जैसे किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते है। इग्नू में नये प्रवेश तथा पुनः पंजीकरण करवाने वाले छात्र 15/02/024 तक इग्नू की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश ले सकते है।

09 मार्च, 2024 दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा

(आधुनिक समाचार सेवा)

मीरजापुर।मीरजापुर 08 फरवरी 2024- माननीय मुख्य न्यायाधिपति सर्वोच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 09 मार्च, 2024 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से दीवानी न्यायालय परिसर में माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर की अध्यक्षता में किया जायेगा।माननीय जनपद न्यायाधीश ने बताया कि दिनांक 09 मार्च, 2024 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर, परिवार न्यायालय, मोटर वाहन दुर्घटना अधिकरण न्यायालय, बाह्य न्यायालय चुनार, बाह्य न्यायालय मडिहान एवं सभी चारो तहसीलों के प्रांगण में आयोजित किया जायेगा। उन्होने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए समस्त न्यायिक अधिकारीगण, राजस्व विभागों के समस्त प्रशासनिक अधिकारीगण (नोडल) एवं बैंको के वरिष्ठ अधिकारीगणों की बैठके आहूत करने और राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार कराने का निर्देश दिये और प्रशासन के समस्त विभागों के अधिकारीगण / नोडल अधिकारीगण से अपेक्षा करते है कि विभागों में लम्बित लम्बित मुकदमों के अतिरिक्त प्री-लिटिगेशन मामलों / प्रकरणों को और बैंक ऋण प्री-लिटिगेशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण कराना सुनिश्चित करेंगे। और ज्यादा से ज्यादा वादकारियों एवं बकायेदारों को लाभान्वित करेंगें। उन्होने यह भी बताया कि विगत माह में आयोजित हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित हुए मुकदमों के परिप्रेक्ष दिनांक 09 मार्च, 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा संख्या में लम्बित मुकदमें एवं प्री-लिटिगेशन मामलों को निस्तारण कराने का प्रयास करे, इस बावत सम्बन्धित न्यायिक अधिकारीगण एवं प्रशासन के पीठासीन अधिकारियों को निर्देशित किये गये है। विशेष तौर पर लम्बित आर्बीट्रेशन के मामले, पारिवारिक / वैवाहिक मुकदमें, सिविल /बटवारा के मुकदमें व चेक बाउन्स के मुकदमों व लघु आपराधिक मुकदमों एवं ई-चालानी मुकदमों को सुलह-समझौते के आधार पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में निस्तारण कराने एवं वादकारियों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने का प्रयास है।रा0लो0अ0 नोडल अधिकारी/ अपर जिला जज श्री वायु नन्दन मिश्र ने बताया कि प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मुकदमें / मामलों को निस्तारण कराये जाने के सन्दर्भ में समस्त सम्बन्धित न्यायालयों, समस्त तहसीलों के न्यायालयों एवं जनपद के समस्त प्रशासनिक विभागों के विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर आदेशित किया गया है। पक्षकार अपने मुकदमें / मामलों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित न्यायालयों एवं विभागों के अधिकारीगण से व्यक्तिगत तौर पर सम्पर्क स्थापित कर अपने मुकदमें / मामलों का निस्तारण करा सकते है।सचिव अपर जिला जज श्री लाल बाबू यादव ने जनपद के समस्त अधिवक्तागण एवं वादकारियों से अनुरोध करते हुए कहा कि दिनांक 09 मार्च, 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक यदालत में अधिक से अधिक मुकदमो, ई-चालानो का निस्तारण करायें। साथ ही यह कहा कि ऐसे विवाद /मामलें /पति-पत्नि के विवाद जो अभी तक न्यायालय में दाखिल नहीं हुये है जैसेः- बैंक ऋण वसूली (एन.पी.ए.खाता), अन्य विभागों के प्रकरण एवं वैवाहिक प्री-लिटीगेशन स्तर के सभी मामलों को निस्तारित कराये जाने का प्रयास किया जायेगा। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर के कार्यालय में स्थापित फन्ट आफिस पर किसी भी कार्य दिवस में पक्षकार स्वयं व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में लगाई फांसी हुई मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)

चोपन सोनभद्र।थाना क्षेत्र के सिंदुरिया गांव में गैस एजेंसी के पास बुधवार की शाम शाम को संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता के आत्महत्या का मामला आया सामने जांच में जुटी पुलिस मिली जानकारी के अनुसार अशोक कुमार मिश्रा पुत्र स्वर्गीय त्रिभुवन मिश्रा निवासी सिंदुरिया थाना चोपन जनपद सोनभद्र के द्वारा चोपन थाने को सूचना दी गई की आवेदक की छोटी बहू शिखा मिश्रा पत्नी अरविंद मिश्रा उम्र तकरीबन 26 वर्ष अपने कमरे में दरवाजा बंद करके पंखे के सहारे साड़ी के फन्दे से लटक कर आत्महत्या कर ली। वही मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी।पुलिस द्वारा जानकारी के अनुसार मृतिका का पति दिल्ली में एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करता है । तथा मृतका की शादी 2022 में फरवरी माह में हुई थी वही मामले को लेकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है तथा जांच में जुट गई है।

गरीब, असहायों को लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के माध्यम से मिलेगी मदद

(आधुनिक समाचार सेवा)

मीरजापुर।मीरजापुर 08 फरवरी 2024- माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन में माननीय जनपद न्यायाधीश श्री अनमोल पाल महोदय के आदेशानुसार सचिव/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर / अपर जनपद न्यायाधीश श्री लाल बाबू यादव ने बताया कि असहाय, निर्धन गरीबों को त्वरित न्याय एवं मुकदमों में निःशुल्क मदद के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, उनके मदद के लिए जिले में निर्धन, असहाय गरीबों, महिलाओं/पुरुषों के मुकदमों में निःशुल्क पैरवी एवं सहायता हेतु जनपद न्यायालय में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की स्थापना की जानी है, जिसमें के अन्तर्गत चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल के एक पद, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल के एक पद, व असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेंस काउन्सिल के दो पदों, हेतु अधिवक्ता अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र दिनांक 15-02-2024 को समय सांय 5.00 बजे तक के लिए आमंत्रित किये गये है। उन्होंने यह भी बताया कि उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन / योग्यता / अर्हयता इत्यादि से संबंधित सम्पूर्ण विस्तृत विवरण न्यायालय मीरजापुर के वेबसाइट पर अपलोड है उससे समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते है। उपरोक्त पदों पर आवेदक द्वारा आवेदन पत्र भरने मात्र से उनकी नियुक्ति नहीं मानी जायेगी बल्कि पात्रता के आधार पर मात्र दो वर्ष के लिए चयन होगा और वह व्यक्तिगत विधि व्यवसाय नहीं कर सकते है।

हमने कोयले को हीरा बना दिया लोकसभा में यूपीए के खिलाफ श्वेत पत्र पर बोलीं वित्त मंत्री सीतारमण

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में श्वेत पत्र पेश किया, जिस पर आज चर्चा होने की उम्मीद है। 59 पेज के श्वेत पत्र में 2014 से पहले और 2014 के बाद की भारतीय अर्थव्यवस्था की जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि किस तरह यूपीए सरकार के दस सालों में इकोनॉमी मिस मैनेजमेंट का नुकसान भारत को झेलना पड़ा।गुरुवार को सीतारमण द्वारा लोकसभा और राज्यसभा में पेश किए गए लगभग 60 पन्नों के श्वेत पत्र में कहा गया है कि बैंकिंग संकट यूपीए सरकार की सबसे महत्वपूर्ण और कुख्यात विरासतों में से एक था। इसमें बताया गया है कि किस है। 2008 के बाद क्या हुआ जब वैश्विक वित्तीय संकट था और के बाद क्या हुआ, यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि अगर सरकार का इरादा ईमानदार है तो परिणाम अच्छे होंगे।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, ठभारतीय अर्थव्यवस्था को 10 साल की नाजुक स्थिति से बाहर निकालकर टॉप पांच में पहुंचाने के लिए सरकार ने 'श्वेत पत्र' मेज पर रख दिया है। यह जिम्मेदारी के साथ रखा गया एक बयान है।कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने बजट सत्र से पहले कहा, ठश्वेत पत्र' कुछ और नहीं बल्कि पीएम मोदी के असफल वादों से जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश है। असली चुनावी मुद्दे महंगाई और बेरोजगारी आगामी लोकसभा चुनावों में लोगों

तरह यूपीए सरकार के दस सालों में इकोनॉमी मिस मैनेजमेंट का नुकसान पूरे भारत को झेलना पड़ा है।माना जा रहा है कि इसको लेकर लोकसभा में भारी हंगामा हो सकता है। गुरुवार को सीतारमण द्वारा लोकसभा और राज्यसभा में पेश किए गए लगभग 60 पन्नों के श्वेत पत्र में कहा गया है कि बैंकिंग संकट यूपीए सरकार की सबसे महत्वपूर्ण और कुख्यात विरासतों में से एक था। इसमें कहा गया है कि यूपीए सरकार ने 2004 में सत्ता में आने के बाद सुधारों को छोड़ दिया और वह पिछली भाजपा नीत एनडीए सरकार द्वारा रखी गई मजबूत नींव पर निर्माण करने में विफल रही।निर्मला सीतारमण ने कहा, ठयूपीए सरकार के हाथों कोयला घोटाले के कारण भारत को भारी नुकसान हुआ।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, ठइस 'श्वेत पत्र' में दिखाई गई तुलना स्पष्ट रूप से बताती है कि अगर सरकार सच्ची ईमानदारी, पारदर्शिता और राष्ट्र को पहले रखकर काम करती है, तो उसका परिणाम क्या होता के दिमाग पर हावी रहेगी।श्वेत पत्र को लेकर सीपीआई-एम सांसद जॉन ब्रिटास ने कहा, ठभाजपा का उद्देश्य चुनावी अभियान है और अध्ययन नाम की कोई चीज नहीं है। किसी सरकार के लिए इस तरह का दस्तावेज जारी करना अजीब है। उन्हें श्वेत पत्र तब लाना चाहिए था, जब वे सत्ता में आए। यह दुनिया के किसी भी देश के इतिहास में अजीब है।बीजेपी सांसद अर्जुन राम मेघवाल ने कहा, ठअंतरिम बजट के दौरान वित्त मंत्री ने श्वेत पत्र का जिक्र किया था। हम उनके खराब शासन के कारण फ्रैजाइल फाइव का हिस्सा थे, लेकिन अब हम शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में हैं। लोगों को यह जानने का अधिकार है कि मोदी सरकार ने यूपीए सरकार के दौरान हुए दुष्टकोण अपनाया है।31 जनवरी को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन के साथ शुरू हुआ सत्र एक दिन बढ़ाकर 10 फरवरी तक कर दिया गया है। मालूम हो कि पहले इसे 9 फरवरी को समाप्त होना था।

बीआरसी जसरा में शिक्षकों के एफ एल एन प्रशिक्षण के प्रथम चरण का हुआ समापन

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत नौनिहालों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़कर उनके जीवन को सुगम बनाने के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर शिक्षा नीतियों का निर्धारण किया जाता है । राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2022 एक योग्य नागरिक खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा ने कहा कि शिक्षक बच्चों को उनके परिवेश, बोलचाल की भाषा एवं सहज माहौल में अभिव्यक्ति का पूरा अवसर दें। इससे उनके शब्द भंडार में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों के साथ आत्मीय संबंध बनाकर उनके पूर्व अनुभव व शब्द भंडार को सही दिशा दें। बच्चों

निर्माण की बात करती है।राष्ट्रीय शिक्षा नीति राष्ट्रीय मिशन के रूप में बच्चों के लिए मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता की प्राप्ति को प्राथमिकता देती है । शत प्रतिशत बच्चों को निपुण बनाने के लिए शिक्षकों के व्यवसायिक विकास हेतु विभाग द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। शिक्षकों के व्यवसायिक विकास में वृद्धि के लिए उत्तर प्रदेश के विभागीय निर्देशों पर खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में बीआरसी जसरा के प्रशिक्षण सभागार में चार दिवसीय एफ एल एन प्रशिक्षण के प्रथम बैच का समापन हुआ । निपुण भारत मिशन के तहत चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण से बच्चों में भाषा व गणित के बुनियादी कौशल का विकास करेगा । इस अवसर पर की बुनियादी भाषा पढ़ने व आधारभूत गणित के सवालों को हल करने की उनकी क्षमता को बढ़ाने के लिए प्राथमिक शिक्षकों के शिक्षक क्षमता संवर्धन हेतु जसरा के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का चार दिवसीय एफ एल एन प्रशिक्षण में ब्लॉक के कुल 576 शिक्षकों को 50 -50 की संख्या में बैच बनाते हुए प्रशिक्षण दिया जाएगा।प्रथम बैच 5 फरवरी से शुरू होकर 8 फरवरी के बीच सुबह 9:30 से शाम 5:30 बजे तक चला । इस मौके पर प्रशिक्षण संदर्भदाता के रूप में एआरपी सतीश कुमार कुशवाहा ,जितेंद्र मिश्र, प्रमोद मिश्र ,महेंद्र प्रताप सिंह व गिरीश चंद्र सिंह रहे व अन्य शिक्षक रहे।

पाकिस्तान में अब तक कोई इश् पूरा नहीं कर सका कार्यकाल सेना का है दबदबा पढ़ें पड़ोसी मुल्क की सियासी कहानी

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। पाकिस्तान भारत का एक ऐसा पड़ोसी देश है, जहां आज तक किसी भी प्रधानमंत्री ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया है। पाकिस्तान को आजादी मिले 76 साल बीत चुके हैं। इस दौरान वहां पर 1956 से 1971, 1977 से 1988 तक और फिर 1999 से 2008 तक सैन्य शासन रहा है। इस बार के आम चुनाव में भी वहां की सेना का कथित तौर पर हस्तक्षेप माना जा रहा है।पाकिस्तान भारत का एक ऐसा पड़ोसी देश है जहां आज तक किसी भी प्रधानमंत्री ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया है। पाकिस्तान को आजादी मिले 76 साल बीत चुके है। इस दौरान वहां पर 1956 से 1971 1977 से 1988 तक और फिर 1999 से 2008 तक सैन्य शासन रहा है। इस बार के आम चुनाव में भी वहां की सेना का कथित तौर पर हस्तक्षेप माना जा रहा है।पाकिस्तान में गुरुवार (8 फरवरी) को हिंसा की छिटपुट घटनाओं के साथ आम चुनाव के लिए मतदान हुआ और उसके तुरंत बाद मतगणना शुरू हो गई। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने मतदान के समाप्त होने के 10 घंटे से अधिक समय बाद शुक्रवार देर रात चुनावों के नतीजों की घोषणा करनी शुरू की। पाकिस्तान चुनाव आयोग के मुताबिक, नेशनल असेंबली की सीटों के लिए कुल 5,121 उम्मीदवार और रही है।पाकिस्तान में अब तक 21 प्रधानमंत्री बने हैं और 24 बार इस पद के लिए शपथ ली गई है। पड़ोसी मुल्क ने चार बार तख्तापलट का सामना किया है। पाकिस्तान के पीएमएल-एन नेता नवाज शरीफ सबसे ज्यादा यानी तीन बार पीएम बन चुके हैं। उनके तीनों कार्यकाल की अवधि को जोड़ दिया जाए तो यह 9 वर्ष 179 दिन का रहा है।1947 से ही पाकिस्तान एक तरह से सेना के शासन में ही रहा है, या तो देश सीधा सेना के शासन में होता था, या फिर सेना के अफसर ऐसा तरीका निकालते कि सरकार को उनके साथ सांठगांठ कर चलना पड़ता है। पाकिस्तान की सेना का मानना है कि वो पाकिस्तान के अस्तित्व का केंद्र है। बंटवारे के बाद पाकिस्तान में दूरदर्शी नेताओं की कमी खलने लगी। मोहम्मद अली जिन्नाह के देहांत के बाद देश सेना के हवाले हो गया।भारत और पाकिस्तान की सेनाएं एक ही ब्रिटिश परंपरा से पैदा हुई थीं, लेकिन आजादी के बाद के 69 वर्षों में वे अपनी-अपनी राजनीति में बहुत अलग-अलग पदों पर आसीन हो गए। दरअसल, आजादी के 69 वर्षों में से लगभग आधे समय तक पाकिस्तान पर उसकी शक्तिशाली सेना का शासन रहा है। प्रत्येक लोकतांत्रिक बिखराव के बाद सैन्य शासन की एक विस्तारित अवधि आई है।पाकिस्तानी सेना की स्थापना

चार प्रांतीय विधानसभाओं के लिए 12,695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।जानकारी के अनुसार, 265 सीटों पर हुए चुनाव में इमरान की पार्टी पीटीआई, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) को कड़ी टक्कर दे रही है। ये दोनों पार्टियां 47 सीटों पर आगे चल अगस्त 1947 में हुई थी। इस की नींव ब्रिटिश इंडियन आर्मी ने रखी थी। पाक सेना के पहले प्रमुख ब्रिटिश जनरल फ्रैंक मेस्सर्वी थे। पाकिस्तानी सेना ने पहला तख्तापलट साल 1958 में राष्ट्रपति इस्कंदर मिर्जा के खिलाफ हुआ। पाक सेना के जनरल अयूब खान ने तख्तापलट किया था।

आगामी 17 एवं 18 फरवरी को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस परीक्षा सकुशल सम्पन्न

(आधुनिक समाचार सेवा)

मीरजापुर।मीरजापुर 08 फरवरी 2024- उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर द्वारा जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के साथ पुलिस लाइन सभागार कक्ष में अन्य पुलिस/प्रशासनिक अधिकारीगण की बैठक कर दिशानिर्देश का जायजा लेते हुए दिया गया सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांकः17.02.2024 व 18.02.2024 को कुल 04 पालियों में सम्पन्न कराया जा रहा है । परीक्षा को सकुशल एवं निर्बाध रुप से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत आज दिनांक 08.02.2024 को निष्पक्ष सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के प्रारम्भ होने पूर्व गेट बन्द कर दिया जायेगा। उन्होंने परीक्षार्थी को प्रवेश देते हुये समय उनके प्रवेश पत्र में उल्लिखित दस्तावेज में कोई एक पहचान पत्र से मिलान करने के उपरान्त ही प्रवेश दिया दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के भीतर किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रिानिक डिवाइस ले जाना प्रतिबन्धित रहेगा। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी परीक्षा केन्द्र के केन्द्र व्यवस्थापको को निर्देशित करते हुये कहा कि परीक्षार्थियो के मोबाइल, बैग आदि के लिये पहले से एक कांउटर बना ले ताकि सामाग्री रखने में किसी प्रकार की कोई कठिनाई न होने पायें। उन्होंने ड्यूटी में लगे अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि परीक्षा से एक दिन पूर्व जिस अधिकारी की जिस परीक्षा केन्द्र पर ड्यूटी लगायी गयी है उसका भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर लें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र जो कमियां हो उन्हे

पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष मीरजापुर में पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर आर.पी.सिंह द्वारा जिलाधिकारी प्रयंका निरंजन पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन व के साथ जनपदीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण की गोष्ठी की गयी । गोष्ठी के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण द्वारा परीक्षा के मद्देनजर जनपद स्तर पर की गयी तैयारियों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होने सभी उप जिलाधिकारी व पुलिस अधिकारियों, केन्द्र व्यवस्थापको से कहा कि हम सभी को पारदर्शी, समय रहते पूर्ण करा ली जाय ताकि सकुशल परीक्षा सम्पन्न करायी जा सके। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि परीक्षा केन्द्र के आस पास फोटो कापी, ध्वनि विस्तारक यंत्रो आदि प्रतिबन्धित रहेगा। उन्होंने कहा कि इसकी सूचना परीक्षा केन्द्र के आस पास के दुकानदारो एक पूर्व अवगत कराया दिया जाये जिससे कोई असुविधा न हो। बैठक में अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 सत्य प्रकाश सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह उपस्थित रहे।

जननायक कर्पूरी ठाकुर अधिवक्ता मंच

विचारधाराओं से परे समाज के अंतिम व्यक्ति के नायक थे भारत रत्न जननायक स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर जीः-माननीय उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति माननीय सौरभ श्याम शमशेरी जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत रत्न जननायक स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर जी सिर्फ बिहार वासियों, समाजवादियों, जाती समुदायों, और एक वर्ग विशेष के न होकर उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति के शैक्षिक, सामाजिक, आर्थिक, उन्नयन के लिए सतत प्रयास करते हुए एक सशक्त सबल एवं समृद्ध राष्ट्र के लिए कार्य किया जिसमें प्रत्येक जन को समानता एवं सहभागिता का अवसर प्रदान किया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन जननायक स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर अधिवक्ता मंच उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उद्बोधित किया। इसी क्रम में अति विशिष्ट न्यायमूर्ति माननीय गौतम चौधरी जी ने कहा कि संसाधनों का सामान वितरण और अंतिम व्यक्ति तक उसकी पहुंच भी किसी समाज व राष्ट्र को सफल व सशक्त बना सकती है। इसके लिए जननायक कर्पूरी ठाकुर जी ने आजीवन कार्य किया साथ ही एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह जी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि स्वर्गीय

न्यायमूर्ति माननीय शेखर यादव जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी ने साधनहीनता की एवं जिंदगी में तमाम अभावों के रहते हुए भी जो समाज व राष्ट्र को दिया वह आज के युवाओं को प्रेरित करता है कि किसी भी स्थिति व परिवेश में रहकर वे भी अपने संघर्ष व साहस के बल पर किसी भी मुकाम को हासिल कर सकते हैं।वरिष्ठ अधिवक्ता श्री राकेश पांडे जी ने भारत सरकार द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न दिए जाने पर कहा कि लगता है कि समाजवाद सतत प्रगतिशील विचारधारा है जिसे विलोपित या समाप्त नहीं किया जा सकता।हाई कोर्ट बार कर्पूरी ठाकुर जी के विचार हम सबके लिए संजीवनी है जो हमें संघर्षों के लिए प्रेरित करती रहेगी साथ ही जननायक कर्पूरी ठाकुर अधिवक्ता मंच की मांग को सहर्ष स्वीकार करते हुए ऐतिहासिक लाइब्रेरी में जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का तैल चित्र के अनावरण की स्वीकृति प्रदान की।कार्यक्रम के अंत में महासचिव नितिन शर्मा हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सबके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अधिवक्ता रामशील शर्मा एवं अरविंद कुमार भारद्वाज अधिवक्ता माननीय उच्च न्यायालय ने किया।

प्रेग्नेंट हैं यामी गौतम इस महीने में कर सकती हैं पहले बच्चे का स्वागत

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। 'विक्की डोनर' और 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' एक्ट्रेस यामी गौतम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म370 को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में अपनी फिल्म के एक पोस्टर के साथ उन्होंने फैंस को ये जानकारी दी थी कि उनकी फिल्म आर्टिकल 370 का ट्रेलर कब रिलीज होगाआर्टिकल 370 एक्ट्रेस यामी गौतम के घर जल्द ही किलकारियां गूंजने वाली हैं। फिल्ममेकर आदित्य धर और यामी गौतम शादी के तीन साल बाद अपने पहले बेबी का स्वागत करने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी प्रेगनेंसी की खबर को खुद आर्टिकल 370 के ट्रेलर लॉन्च पर कन्फर्म किया की प्रेगनेंसी को साढ़े पांच महीने से ज्यादा का समय हो चुका है। उनकी रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि उरी एक्ट्रेस को जब से अपनी प्रेगनेंसी के बारे में पता चला है, तब से वह काफी खुश हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यामी गौतम मई के महीने में बेबी को जन्म दे सकती हैं।बीते दिनों ही में यामी गौतम जब एक इवेंट पर पति आदित्य धर के साथ पहुंची थीं, तो उन्होंने अपने बेली को दुपट्टे से कवर किया हुआ, जिसके बाद से ही उनकी प्रेगनेंसी की खबरों ने जोर पकड़ा था। अब खुद अपनी फिल्म आर्टिकल 370 के ट्रेलर रिलीज के साथ ही अपने जल्द मां बनने की खुशी एक्ट्रेस ने फैंस के साथ बांटी है। यामी गौतम

है और साथ ही अपनी खुशी व्यक्त की है।हालांकि, अपनी फिल्म के साथ-साथ यामी गौतम ने अपनी निजी जिंदगी से जुड़ी एक बड़ी खुशी फैंस के साथ बांटी है। आदित्य घर जल्द ही बच्चे की किलकारियां गूंजने वाली है। हाल ही में यामी गौतम ने आर्टिकल 370 के ट्रेलर लॉन्च पर अपनी प्रेगनेंसी की न्यूज को कन्फर्म किया है। एक्ट्रेस और फिल्ममेकर आदित्य धर शादी के तीन साल बाद अपने पहले बेबी का धूमधाम से स्वागत करने के लिए बिल्कुल तैयार हैं।हिंदुस्तान टाइम्स में छपी रिपोर्ट्स के मुताबिक, यामी गौतम और आदित्य धर की शादी 4 जून 2021 में हुई थी। दोनों के प्यार की शुरुआत उरी-द सर्जिकल स्ट्राइक के सेट पर हुई थी। एक-दूसरे को लगभग दो साल तक डेट करने के बाद शादी की थी।दोनों ने अपने परिवार और करीबी की मौजूदगी में ही एक्ट्रेस के घर हिमाचल में पूरे रीति-रिवाजों के साथ शादी की थी।यामी गौतम के करियर की बात करें तो उन्होंने कनन्ड़ फिल्म 'उल्लास-उत्साह' से साल 2009 में फिल्मी दुनिया में कदम रखा था। साल 2012 में उन्होंने अपनी पहली फिल्म 'विक्की डोनर' में काम किया था।

अभिषेक कुमार और आयशा खान के पार्टी ने लगाई आग बिग बॉस' की पार्टी में दोनों ने किया जबरदस्त डांस

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। बिग बॉस 17 के रनर-अप अभिषेक कुमार की पार्टी चर्चा में बनी हुई है। शो खत्म होने के बाद सभी कंटेस्टेंट इन दिनों अभिषेक कुमार के साथ सिंबा के गाने पर थिरकते हुए नजर आ रही हैं।रणवीर सिंह और सारा अली खान के गाने लड़की आंख मारे पर अभिषेक कुमार और आयशा खान

लगातार पार्टी करते हुए नजर आ रहे हैं। पहले अंकिता लोखंडे और विक्की जैन के घर पर धमाल हुआ। इसके बाद अभिषेक कुमार ने बिग बॉस की सक्सेस पार्टी ऑर्गेनाइज की।अभिषेक कुमार की बिग बॉस सक्सेस पार्टी में आयशा खान भी पहुंची थीं। उनका हॉट लुक पहले ही चर्चा में बना हुआ है। वहीं अब पार्टी से आयशा खान के डांस का इनसाइड वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस ने अभिषेक कुमार के साथ मिलकर सिंबा के गाने पर जमकर डांस किया।अभिषेक कुमार की पार्टी में आयशा खान भी पहुंची थीं। उनका हॉट लुक पहले ही चर्चा में बना हुआ है। वहीं, अब पार्टी से आयशा खान के डांस का इनसाइड तस्वीर सामने आया है।अभिषेक कुमार की पार्टी में आयशा खान ब्लैक कलर का बॉडीकॉन ड्रेस पहने पहुंचीं और बेहद हॉट नजर आईं। पार्टी से सामने आए तस्वीर में एक्ट्रेस ने जमकर डांस किया। उनके साथ एक्ट्रेस सोनिया बंसल और रिंकू धवन भी नाचते हुए दिख रही हैं। वीडियो में बिग बॉस 17 के ये सभी कंटेस्टेंट्स जमकर मस्ती करते हुए दिखाई दिए।आयशा खान के अलावा अभिषेक कुमार की पार्टी में मुनव्वर फारूकी, मनारा चोपड़ा, रिंकू धवन, सोनिया बंसल, नाविद सोल और ऑरी समेत कई बिग बॉस कंटेस्टेंट्स पहुंचे थे। हालांकि, अंकिता लोखंडे और विक्की जैन कहीं भी नजर नहीं आए।बिग बॉस 17 के घर में आयशा खान की भले मुनव्वर फारुकी से अनबन रही हो, लेकिन उकने दोस्त अभिषेक कुमार से हमेशा अच्छी बॉन्डिंग रही थी। शो में कई बार आयशा लड़ाई के दौरान अभिषेक को प्रोटेक्ट करते हुए भी नजर आई थीं। बिग बॉस 17 से बाहर आने के बाद विनर के नाम को लेकर आयशा ने कहा था कि वो चाहती हैं कि अभिषेक शो जीते, क्योंकि वो डिजर्विंग कंटेस्टेंट हैं।

31 साल बड़े एक्टर के साथ इंटीमेट हुई एक्ट्रेस जेना ओरटेगा, भड़के लोगों ने सीन को बताया घटिया

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। नेटफ्लिक्स की सीरीज वेडनेसडे से दुनियाभर में लोकप्रिय हुई एक्ट्रेस जेना ओरटेगा इस वक्त सोशल मीडिया में लोगों के निशाने पर हैं। वजह है उनकी फिल्म मिलर्स गर्ल में उनका एक बोल्ड सीन, जो इंटरनेट पर सर्कुलेट हो रहा है। इस सीन के बाहर आने से जेना के फैंस सदमे में हैं और सोशल मीडिया में इसकी निंदा कर रहे हैं।जेना ओरटेगा और मार्टिन फ्रीमैन की फिल्म मिलर्स गर्ल जनवरी में रिलीज हुई थी। जेड हेली बार्टलेट ने फिल्म का निर्देशन किया है। जेना एक स्टूडेंट के किरदार में हैं मार्टिन फ्रीमैन उनके टीचर बने हैं। इस ब्लैक कॉमेडी की कहानी इन दोनों मार्टिन 52 के हैं। 31 साल बड़े एक्टर के साथ इस तरह के सीन देखकर यूजर्स भड़क गये हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक यूजर ने लिखा-जेना ओरटेगा का सीन अभी देखा है। अब कुछ वक्त के लिए ब्रेक ले रहा हूंएक अन्य यूजर ने लिखा कि इन दोनों की क्लिप सबसे बुरी चीज है, जो मैंने देखी है। कुछ यूजर इस फिल्म को ही बेहूदा और घटिया बता रहे हैं इन कमेंट्स में कुछ यूजर मार्टिन फ्रीमैन के किरदार हॉबिट को याद कर रहे हैं। हॉबिट सीरीज की फिल्मों में उन्होंने बिल्बो बैगिंस का किरदार निभाया था।जेना ओरटेगा ने चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर अपना करियर शुरू किया था।

की रिलेशनशिप पर आधारित है। फिल्म को क्रिटिक्स का सपोर्ट भी नहीं मिला और अब सोशल मीडिया में लोग नाराज हैंमिलर्स गर्ल ब्लैक कॉमेडी ड्रामा है। फिल्म में जेना 18 साल की स्टूडेंट के किरदार में हैं, जो अपने टीचर की तरफ आकर्षित हो जाती है और दोनों के बीच रिलेशनशिप बन जाती है। टीचर के किरदार में मार्टिन फ्रीमैन हैं। दोनों पर फिल्माये गये बोल्ड सीन का विरोध करने की वजह इन दोनों के बीच उम्र का फासला भी है। जेना जहां 21 साल की हैं, वहीं हॉरर फिल्म सीरीज स्क्रीम में जेना नजर आती रही हैं। हालांकि, नेटफ्लिक्स की सीरीज वेडनेसडे ने उन्हें पूरी दुनिया में मशहूर कर दिया।इस सीरीज का गाना हैंड्स यू-ट्यूब पर खूब देखा जाता है, जो जेना ओरटेगा पर फिल्माया गया है। वेडनेसडे सुपरनेचुरल कॉमेडी थ्रिलर सीरीज है, जिसमें जेना टाइटल रोल निभाती हैं। इसका पहला सीजन 2022 में रिलीज हुआ था और अब दूसरे सीजन का इंतजार कि जा रहा है।

एक्शन सीक्वेंस करते हुए विक्की कौशल हुए घायल, तस्वीर देख घबराए फैंस

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। विक्की कौशल हिंदी सिनेमा के उन सितारों में शुमार हैं, जो अपने अभिनय से किरदार में जान फूंक देते हैं। वह जब भी स्क्रीन पर आते हैं, तो दर्शक बस देखते रह जाते हैं। साल 2023 में विक्की कौशल सैम बहादुर बनकर स्क्रीन पर आए थे।बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल को हाल ही में इंजरी हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक विक्की कौशल फिल्म के सेट पर एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग करते हुए घायल हो गए। लव एंड वॉर एक्टर के सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो ने फैंस की चिंता बढ़ा दी। वीडियो देखकर फैंस भी उनके जल्द से जल्द ठीक होने की कामना कर रहे हैं।उन्होंने फील्ड मार्शल मानेकशॉ के किरदार है।विक्की कौशल पहली बार संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में उनके साथ काम करने जा रहे हैं। हालांकि, उससे पहले बहु-प्रतिभाशाली अभिनेता लक्ष्मण उतेरकर की फिल्म 'छावा' के साथ स्क्रीन पर आएंगे, जिसमें उनके साथ मुख्य भूमिका में पहली बार रश्मिका मंदाना नजर आने वाली हैं।हाल ही में सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने विक्की कौशल का एक तस्वीर शेयर किया है, जिसमें उनके बाएं हाथ में प्लास्टर चढ़ा हुआ दिखाई दे रहा है। वह वीडियो में अपनी कार से निकलते हुए घर की तरफ जा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विक्की कौशल को ये चोट 'छावा' के इंटेंस एक्शन सीक्वेंस को शूट करने के दौरान लगी हैरिपोर्ट्स की मानें तो हाथ में चोट लगने के बाद अब

से फैंस को काफी इम्प्रेस किया था। साल 2023 के बाद अब इस साल भी विक्की के पास कई नए प्रोजेक्ट्स हैं, जिनकी तैयारियों में वह लगे हुए हैंहाल ही में रिपोर्ट्स की मानें तो विक्की कौशल अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग करते हुए घायल हो गए हैं, जिसके बाद उन्हें शूटिंग बीच में छोड़कर कुछ दिनों के लिए रेस्ट पर जाना पड़ा विक्की कौशल को शूटिंग से कुछ समय का ब्रेक लेकर रेस्ट करना पड़ेगा विक्की कौशल के हाथ में प्लास्टर देखने के बाद फैंस उनके जल्द से जल्द ठीक होने की कामना कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, जल्दी से ठीक हो जाओ विक्की भाईठ। दूसरे यूजर ने लिखा,विक्की भाई अपना ध्यान रखो।

'हमने कहा था ना इस सुपरस्टार शाहिद कपूर को फैंस ने की बायोपिक के लिए बताया फिट

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली।फिल्म मेकर्स ने क्रिकेटर्स की जिन्दगी पर बायोपिक बनाने में हमेशा दिलचस्पी दिखाई है। अब तक एम एस धोनी से लेकर कपिल देव और मोहम्मद अजरुद्दीन जैसे क्रिकेट की दुनिया के कई दिग्गज खिलाड़ियों के फील्ड से लेकर उनके निजी जिंदगी के सफर को हम फिल्मी पर्दे पर देख चुके हैं। क्रिकेट की दुनिया के किंग विराट कोहली को फील्ड पर तो चौके-छक्के जड़ते लोगों ने खूब देखा है लेकिन उनकी निजी जिंदगी के बारे में कम ही लोगों को पता है। विराट कोहली की बायोपिक कब आएगी इसका अंदाजा तो फिलहाल किसी को नहीं है। हालांकि दर्शकों ने ये डिसाइड कर लिया है कि वह किंग कोहली की बायोपिक में किस सुपरस्टार को देखना चाहते शाहिद कपूर। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया एक्टर शाहिद कपूर का हाल ही में एक तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जो लोगों को बेहद ही पसंद आ रहा है। इस वीडियो में शाहिद कपूर बता रहे हैं कि वह फिल्म का प्रमोशन खत्म होने के बाद क्या-क्या मजेदार चीजें खाने वाले हैं।खास बात ये है कि इस रील में वह क्रिकेटर विराट कोहली को मिमिक करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दरअसल विराट ने अपने एक इंटरव्यू में ये बताया था कि वह कितने बड़े फूडी है और उन्हें खाने में क्या-क्या पसंद है। अब उनके इसी इंटरव्यू के ऑडियो पर शाहिद कपूर ने रील बनाई है,जो यूजर्स को काफी पसंद आ रही है।इस तस्वीर को देखने के बाद यूजर्स शाहिद कपूर को विराट कोहली की बायोपिक के लिए

हैं।शतक पे शतक जड़ना हो या फिर क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ना हो, विराट कोहली ने फील्ड पर ऐसे-ऐसे कमाल किए कि देखने वाले देखते ही रह गए। उनके क्रिकेट करियर के बारे में तो लोगों को काफी पता है, लेकिन उनकी निजी जिंदगी के बारे में फैंस बायोपिक के जरिये जानना चाहते हैं।फैंस को लगता है कि विराट कोहली की बायोपिक में उनका किरदार निभाने के लिए अगर कोई एक्टर परफेक्टहै, तो वह हैं बेस्ट च्वाइस बता रहे हैं। एक यूजर ने लिखा,कौन-कौन ये जानता है कि ये विराट पाजी का ऑडियो है।दूसरे यूजर ने लिखा,भाई साहब इसलिए ही कह रहा हूं कि शाहिद कपूर विराट कोहली की बायोपिक के लिए सबसे बेस्ट च्वाइस हैं। अन्य यूजर ने लिखा, शाहिद में इस वक्त विराट कोहली ही नजर आ रहा है। शाहिद कपूर की आगामी फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' की बात करें तो ये फिल्म 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

माघ मेले में पूज्य दद्दा जी के शिविर में बन रहे असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण संकल्प में संगम की रेती पर पहुंचे फिल्मी सितारे राजपाल यादव

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रयागराज।तीर्थ राज प्रयाग में चल रहे माघमेला क्षेत्र में गृहस्थ संत पूज्य बड़े भैया डॉ अनिल शास्त्री जी के सानिध्य में असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्य का आयोजन हर रोज़ संगम की रेती पर हो रहा है। धर्म और आस्था की नगरी प्रयागराज में वैसे तो पूरे वर्ष धार्मिक आयोजनों के अनुष्ठान का सिलसिला जारी रहता है लेकिन माघ मेले की बात करें तो संगम में डुबकी लगाने वाले श्रद्धालु पूरे सात दिनों तक पूज्य गुरुदेव पंडित देव सरस्वती के तट पर संगम में डुबकी लगाते हैं माघ मेले में आए फ़िल्म अभिनेता राजपाल यादव ने सुबह गंगा सनन करने के बाद दद्दा जी के शिविर में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण बनाया गया हैं। और शिवलिंग का निर्माण विसर्जन किया गया हैं। डॉ अनिल शास्त्री जी से आशीर्वाद लिए। राजपाल यादव जी नें कहा कि संगम क्षेत्र की छटा निराली है, प्रयागराज संगम उनकी साँसो में हैं। दिल कि धड़कनो में प्रयागराज संगम बसता हैं। पूज्य गुरुदेव दद्दा जी से जुड़ा जिन्होंने

प्रभाकर शास्त्री दद्दाजी के शिविर में बालू के कणों का पार्थिव शिवलिंग बनाकर शिव की भक्ति में रमें नजर आते हैं ऐसे में फिल्म अभिनेता राजपाल यादव दद्दा जी के शिविर में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर मोक्षदायिनी मां गंगा जमुना अदृश्य सदैव जीवन जीने के तरीके को तनाव मुक्त होकर कैसे जीते हैं उस पर ज्ञान मिला दद्दा जी की प्रेरणा ही उन्हें हर बार संगम की रेती खींच लाती है। माघमेला सेक्टर नंबर 5 में स्थित शिविर में पहुंचे और पूज्य गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री ठदद्दा जीठ पूज्य जिज्जी की असीम कृपा से पूज्य बड़े भैया डॉ अनिल शास्त्री जी के सानिध्य में जहां दद्दा जी शिष्य मंडल भारतवर्ष, शिव भक्तों के द्वारा हजारों पार्थिव शिवलिंगो का निर्माण व रुद्राभिषेक का कार्यक्रम किए जा रहे हैं,अभिनेता राजपाल यादव ने पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जिसमें दद्दा जी शिष्य मंडल द्वारा बने हज़ारों पार्थिव शिवलिंग शाम को एक साथ मां गंगा जी में विसर्जित किए गएदेश के जाने माने गृहस्थ संत पूज्य पंडित देव प्रभाकर शास्त्री (दद्दा की) की स्मृति में प्रतिवर्षनुसा इस वर्ष भी उनके दद्दा जी के बड़े पुत्र गृहस्थ संत पूज्य डॉ0 अनिल शास्त्री जी के सानिध्य में अनिल शास्त्री जी ने बताया हैं कि दद्दा जी शिष्य मंडल प्रयागराज एवं भारतवर्ष के सहयोग से रामलीला मंचन के साथ संगम की रेती पर असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण का महायज्ञ एवं महारुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा। शिविर के वरिष्ठ गुरु भाई संयोजक संतोष शुक्ला और मीडिया प्रभारी सनी केशरी नें बताया कि प्रयागराज दद्दा शिष्य मंडल पंडाल में डॉ0 अनिल शास्त्री जी के सानिध्य में इस कार्यक्रम में प्रयागराज शिष्य मंडल के क्षेत्रीय श्रद्धालुओं के साथ फिल्म अभिनेता राजपाल यादव मौजूद रहे। इस मौके पर तमाम दद्दा जी के तमाम गुरु भाई मौजूद रहें।

क्रूज पर नोरा फतेही का ऐसा डांस देख चकराया नेटिजंस का दिमाग, बोले- 'ये पक्का पागल है'

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। नोरा फतेही इंडस्ट्री की वो अदाकारा हैं, जो अपने शानदार डांस मूव्स के लिए जानी जाती हैं। मौजूदा समय में नोरा का नाम उनकी आने वाली फिल्म क्रैक को लेकर चर्चा में बना हुआ है, जो कुछ दिन बाद सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।ाोरा फतेही अपने कमाल के डांस के लिए काफी जानी जाती है लेकिन इसको लेकर कई बार अदाकारा को सोशल मीडिया पर ट्रोल भी किया जाता है। इस बीच नोरा का आया है, इस वीडियो में वह क्रूज पर अपने दोस्तों के साथ मिलकर क्रेजी डांस करती हुई दिख रही हैं। इस को लेकर अब नोरा फतेही को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। बीते 6 फरवरी को नोरा फतेही ने अपना 32वां बर्थडे सेलिब्रेट किया है। जिसको लेकर नोरा ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर क्रूज पर एक छोटी सी पार्टी रखी। इस मौके का एक लेटेस्ट वीडियो अब अदाकारा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया पागल हो गई है।दूसरे यूजर्स ने कहा है- क्या इस साल भी उन्होंने अपना बर्थडे क्रूज पर मनाया है, हद है यार। इस तरह से तमाम लोग नोरा फतेही को खरी-खोटी सुना रहे हैं। बता दें कि बीते साल भी नोरा ने क्रूज पर ही बर्थडे सेलिब्रेट किया था। अमूनन अपने करियर में नोरा फतेही को सिर्फ एक डांस क्वीन के तौर पर जाना जाता है। लेकिन एक अभिनेत्री के रूप में अभी भी नोरा खुद को स्थापित करने में लगी

एक लेटेस्ट डांस वीडियो सामने आया है जिसमें वह क्रूज पर लटके-झटके लगाते हुए नजर आ रही हैं। इस वीडियो को लेकर अब नेटिजंस ने क्रैक एक्ट्रेस नोरा फतेही का टारगेट कर लिया है।इससे पहले सोशल मीडिया पर नोरा का एक लेटेस्ट डांस तस्वीर सामने है, जिसमें वह बेहतरीन डांस करती दिख रही हैं।लेकिन शायद यूजर्स को नोरा फतेही का ये डांस रास नहीं आया है और उन्होंने एक्ट्रेस को ट्रोल करना शुरू कर दिया है। एक यूजर्स ने एक्ट्रेस के वीडियो पर कमेंट कर लिखा है- यार ये सच में हुई हैं।गौर करें उनकी अगली फिल्म की तरफ तो आने वाले समय में नोरा फतेही एक्टर विद्युत जामवाल की फिल्म क्रैक में नजर आएंगी। ये मूवी 23 फरवरी 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज की जाएगी।

यादगार मुलाक़ात -प्रीति पाण्डेय

सुधांशु शर्मा- प्रीति जी आप कहां की रहने वाली हैं?**प्रीति-** मैं प्रयागराज की रहने वाली हूँ।**सुधांशु शर्मा.** अपने परिवार के विषय में कुछ बताइये?**प्रेति-** मैं एक मध्यमवर्गीय परिवार से सम्बन्ध रखती हूँ। मेरे पिताजी भारतीय सेना के भूतपूर्व सैनिक रहे हैं इसलिए घर का वातावरण बहुत सख्त एवं अनुशासित रहा है, सबको अनेक नियमों का पालन करना पड़ता है। **सुधांशु शर्मा.**आप अपनी पढ़ाई के बारे में बताइये **प्रीति-** मेरी शिक्षा-दीक्षा प्रयागराज से हुई है और कानून की पढ़ाई कर रही हूँ। **सुधाशु शर्मा.** बॉलीवुड में कैसे आना हुआ **प्रीती -**बचपन से ही नृत्य, संगीत और अभिनय में रूचि रही है बाद में रंगमंच में शामिल हुई और फिर धीरे धीरे सिलसिला शुरू हो गया। सुधांशु शर्मा खुद को किस मुकाम पे देखना चाहती है **प्रीति-** मैं चाहती हूँ, कि मैं इतनी कामयाब हो जाऊं कि मेरे परिवार वालों को मेरे नाम से जाना जाय ।**सुधांशु शर्मा.** किन-किन फिल्मों/धारावाहिक में काम किया और किस किरदार को करने मे ज्यादा अच्छा **प्रीति-फिल्म** 1. कुटुंब द फैमिली (2017) निर्देशकः अमित श्री यादव,2. जादूगर (2022) निर्देशकः समीर सक्सेना3. बच्चन पांडे (2022) निर्देशकः फरहाद समझी4. डार्लिंग (2022) निर्देशकः जसमीत के. रीन धारावाहिक 1. नथ (दंगल)2. अपना टाइम आयेगा (ज़ी टी. वी.)अभी तक मुझको मेरा पसंदीदा किरदार जीने का सुअवसर नहीं मिला है।**सुधांशु शर्मा.**जो लड़कियां फिल्मों में आना चाहती है उनके लिए सुझाव।**प्रीती -**सबसे पहले स्वयं को अपने माता-पिता की नज़रों में ज़िम्मेदार साबित करें। फिर अपने सपनों को वास्तविकता के धरातल पर परख कर माता-पिता की सहमति से आगे बढ़ें।सुधांशु असल में सहायता की आवश्यकता है। आधुनिक समाचार ऐसी चाहती हूं कि आधुनिक समाचार ऐसे ही अपना काम लगन? एवं

शर्मा अपने वैवाहिक स्थिति के बारे में कुछ जानकारी देना चाहेंगी?प्रीती आधुनिक समाचार की मैं बहुत सराहना करती हूं। आधुनिक समाचार के पास हीरे की परख है। उन्हें यह भलीभांति मालूम है कि हीरा कौन बन सकता है, यानी किसके पास प्रतिभा है एवं किसे प्रतिभाओं को समाज के समक्ष उजागर करके उचित मंच दिलाने में अत्यंत महत्वपूर्ण एवं निर्णायक भूमिका निभाता है।आधुनिक समाचार समाज की वास्तविक सच्चाई को बताने में कभी भीन तो पीछे हटता है और न ही किसी भी परिस्थिति में प्रभावित होता है।मैं ईमानदारी से करता रहे और सफलता की नई ऊंचाइयों पर स्थापित हो।**सुधांशु शर्मा.**आने वाली फिल्मों के बारे में बतायें।**प्रीति -**कई नये प्रोजेक्ट्स पर बात चल रही है। निश्चित होने पर जल्द ही जानकारी साझा करूंगी।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
डाक पंजीयन नं. 99/2018-20
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।